Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक


गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 44 | शुक्रवार, 14 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया



Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 44 | शुक्रवार, 14 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## साझा प्रेस क्रांफ्रेंस में बोले पीएम मोदी

# 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एकसाथ'



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा पर हैं। भारतीय समयानुसार बुधवार देर रात पीएम मोदी वॉशिंगटन पहुंचे। आज पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक की। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है। विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल पीएम मोदी के आगमन के तुरंत बाद व्हाइट हाउस पहुंचे। साझा प्रेस क्रांफ्रेंस में बोले पीएम मोदी कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अमेरिका एक साथ खड़े रहेंगे। हम इस बात पर सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद के उन्मूलन के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है। मैं राष्ट्रपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में नरसंहार करने वाले अपराधी को अब भारत के हवाले करने का निर्णय किया है। भारत की अदालतें उसके खिलाफ उचित कार्रवाई करेंगी।

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मैं ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण समझौते पर भी पहुंचे, जो यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका भारत को तेल और प्राकृतिक गैस का अग्रणी आपूर्तिकर्ता बने, उम्मीद है कि नंबर 1 आपूर्तिकर्ता बने। अमेरिकी परमाणु उद्योग के लिए अभूतपूर्व विकास में, भारत अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकी का स्वागत करने के लिए कानूनों में सुधार भी कर रहा है, जो भारतीय बाजार में उच्चतम स्तर पर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमेरिका के लोग राष्ट्रपति ट्रंप के मोटो टअऋअ - मेक अमेरिका ग्रेट अगेन से परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत और विकास की पटरी पर विकसित भारत 2047 के दृढ़ संकल्प को लेकर तेज गति शक्ति से विकास की ओर अग्रसर हैं। अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब मेक इंडिया ग्रेट अगेन यानि टकऋअ है। जब अमेरिका और भारत साथ मिलकर काम करते हैं, यानि टअऋअ प्लस टकऋअ, तब बन जाता है इह्लमेगाह्व पार्टनर्शिप फॉर प्रोस्पेरिटी और यही मेगा हमारे लक्ष्यों को नया स्केल और स्कॉप देती है।संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं अपने मित्र डोनाल्ड ट्रंप को मेरे शानदार स्वागत और आतिथ्य सत्कार के लिए आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व से संजोया है और उसे जीवंत बनाया है। जिस उत्साह से उनके पहले कार्यकाल के दौरान हमने साथ मिलकर काम किया, वही उत्साह, वही ऊर्जा मैंने आज भी महसूस किया।

## सत्ता संभालते ही हर दिन होगा भाजपा का वादों से सामना, विपक्ष मांगता रहेगा हिसाब

**नई दिल्ली।**

चुनाव में जारी 100 दिन के एजेंडे में किए गए वादों मसलन गर्भवती महिलाओं की सहायता, होली पर घरेलू गैस सिलिंडर समेत अन्य को पूरा करने में पार्टी को खूब जोर लगाना होगा। वादों की झड़ी पर एतिहासिक जीत हासिल करने वाली भाजपा जब सत्ता संभालेगी तो उसका हर दिन वादों से सामना होगा। चुनाव में जारी 100 दिन के एजेंडे में किए गए वादों मसलन गर्भवती महिलाओं की सहायता, होली पर घरेलू गैस सिलिंडर समेत अन्य को पूरा करने में पार्टी को खूब जोर लगाना होगा। विपक्ष इन पर हर दिन जवाब मांगेगा और भावी मुख्यमंत्री व उनके सिपहसलारों को उन सवालों के जवाब हर हाल में तलाशने होंगे। इसका सबसे बड़ा कारण मजबूत विपक्ष का होना है। आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी के 22 विधायक निर्वाचित हुए हैं। विधानसभा सत्र के दौरान वे भी सरकार पर हमलावर रहेंगे। यह कहना गलत नहीं होगा कि कुर्सी संभालते ही मुख्यमंत्री व मंत्रियों को अग्निपरीक्षा के दौर से गुजरना होगा। यमुना की सफाई इस बार के विधानसभा चुनावों में बड़ा मुद्दा था। हर बार यह चुनावी मुद्दा बनता है, लेकिन सफाई नहीं हो पाती। लिहाजा 26 साल बाद सत्ता में आने वाली भाजपा सरकार के सामने मैली यमुना को साफ कराने व रिवर फ्रंट जैसे मुद्दों का प्रभावी निपटान खासा चुनौती भरा साबित होगा। अनाधिकृत कॉलोनियों में मुलभूत सुविधा देने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को पक्का मकान देने वाले वादे नई सरकार का पीछा करेंगे। विकसित दिल्ली के लिए मोदी की गारंटी के तहत 27 प्वाइंट का एजेंडा पूरा करना होगा। नेता प्रतिपक्ष अगर आतिशी बनती हैं तो वह इस मुद्दे को बार-बार सदन की कार्यवाही में उठाएंगी। आम आदमी पार्टी यह भी कह चुकी है कि आठ मार्च को अगर महिलाओं के खाते में यह रकम नहीं डाली गई तो सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। इसी तरह 1700 अनाधिकृत कॉलोनियों को पूर्ण स्वामित्व का वादा भी पूरा करना होगा। खास बात यह है कि होली नजदीक है।

### विकसित दिल्ली के लिए मोदी की गारंटी

- महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सहायता
- 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर, होली–दिवाली पर एक सिलेंडर मुफ्त
- 70 पार करने वाले बुजुर्गो को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज
- 50 हजार सरकारी नौकरी व 20 लाख रोजगार–स्वरोजगार
- अनुसूचित छात्रों को 1000 रुपया हर महीना
- जरूरतमंद छात्रों को मेट्रो किराये के लिए 4000 रुपया हर महीने
- युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 1500 रुपये
- गर्भवती महिलाओं को 21000 रुपये व 6 पोषण किट

## 'बजट में किसी भी सेक्टर के लिए नहीं की गई कटौती':वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्य सभा में बजट संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि किसी भी सेक्टर के आवंटन में पहले की तुलना में कटौती नहीं की गई है। वहीं, आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए गत एक फरवरी को पेश बजट में पूंजीगत खर्च में भी पहले की तुलना में कमी नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में सभी प्रकार के संपदा सृजन जिनमें राज्यों को दिए जाने वाले आवंटन भी शामिल होते हैं, के लिए 15.49 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जो जीडीपी का 4.3 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष में सभी प्रकार के संपदा सृजन के लिए 13.18 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। पूजीगत खर्च का आवंटन जीडीपी का 3.1 प्रतिशत वहीं, आगामी वित्त वर्ष के लिए केंद्र का अपना पूंजीगत खर्च का आवंटन 11.21 लाख करोड़ का है जो जीडीपी का 3.1 प्रतिशत है जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान से अधिक है। कांग्रेस की तरफ से पूंजीगत खर्च में कमी के आरोप के जवाब में सीतारमण ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टी की सरकार वाले राज्य कर्नाटक व तेलंगाना के पूंजीगत खर्च पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपीए शासित राज्य पूंजीगत खर्च पर व्यय नहीं कर रहे हैं। कृषि, ग्रामीण विकास जैसे मद में आवंटन कम करने को लेकर उठाए गए सवाल पर सीतारमण ने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में कृषि व संबंधित के मद में 1.71 लाख करोड़, ग्रामीण विकास पर 2.67 लाख करोड़, शहरी विकास एवं परिवहन पर 6.45 लाख करोड़, स्वास्थ्य व शिक्षा पर 2.27 लाख करोड़, रक्षा (पेंशन को हटाकर) पर 4.92 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

## मणिपुर में लगे राष्ट्रपति शासन को लेकर राहुल ने कसा तंज, बोले- भाजपा ने माना कि वह शासन में अक्षम

**नई दिल्ली।**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाना भाजपा की ओर से शासन करने में उसकी अक्षमता की देर से की गई स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के प्रति अपनी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उसकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री ने अंततः राज्य का दौरा करने और मणिपुर और भारत के लोगों को वहां शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की अपनी योजना समझाने का मन बना लिया है? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि आखिरकार वह हुआ, जिसकी मांग पार्टी पिछले 20 महीनों से कर रही थी। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति शासन तब लगाया गया है जब सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में संवैधानिक तंत्र के पूर्ण रूप से ठप हो जाने की बात कही। इसके चलते तीन मई, 2023 से अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 60,000 से अधिक पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का विस्थापन हो चुका है। कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति शासन तब लगाया गया, जब मणिपुर के सामाजिक ताने-बाने को गंभीर रूप से क्षति पहुंचने दी गई।

## ट्रंप ने दिखाया बाहर का रास्ता, रिफ्यूजियों की पसंदीदा जगह बना मेक्सिको



**मेक्सिको सिटी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से अवैध रूप से रहने वाले प्रवासियों के खिलाफ सख्ती के बाद शरण चाहने वाले अब अपना ठिकाना मेक्सिको को बना रहे हैं।

शरण चाहने वाली एंजेलिका डेलगाडो ने कहा कि दिसंबर में क्यूबा से जब मेक्सिको के लिए उड़ान भरी थी, तो अमेरिका में शरण मांगने के लिए तैयार थी, लेकिन अमेरिकी दरवाजा बंद होने के बाद अब वह मेक्सिको में सुरक्षा मांगेगी। 23 वर्षीय एंजेलिका डेलगाडो ने कहा कि उसने अपनी योजनाओं को बदलने का फैसला किया है। लगभग सभी क्यूबावासियों की तरह मेरा मकसद अमेरिका जाना था। रुकना योजना में नहीं था, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करना होगा। डेलगाडो क्यूबा, वेनेजुएला, हैती, अफगानिस्तान और अन्य देशों के सैकड़ों प्रवासियों में से एक हैं जो पिछले महीने ट्रंप की ओर से शरण तक पहुंच को कम करने और सीमा का सैन्यीकरण करने के कार्यकारी आदेशों के बाद मेक्सिको सिटी में शरणार्थी एजेंसी के बाहर इकट्ठा हुए थे।

## फॉरेक्स ट्रेडिंग गैंग का भंडाफोड़

## ईडी ने 170 करोड़ की संपत्ति जब्त की, 96 लाख कैश-दस्तावेज बरामद

**नई दिल्ली।**




विदेशी मुद्रा व्यापार की आड़ में मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम (एमएलएम) चला रहे एजेंटों के ठिकानों से ईडी की छापेमारी में 30 से अधिक बैंक खातों और लाकरों से 170 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। मास्टरमाइंड नवाब उर्फ लविश चौधरी के शामली स्थित घर से 96 लाख रुपये कैश, डिजिटल डिवाइस, विदेशी और भारतीय दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इस मामले में विभिन्न राज्यों के 500 निवेशकों को फारेक्स (विदेशी मुद्रा) ट्रेडिंग में एक वर्ष में पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर 210 करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया था। मंगलवार को ईडी ने शामली, दिल्ली, नोएडा और रोहतक में आरोपितों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। ट्रेडिंग कंपनी बोट ब्रो, क्यूएफएक्स ट्रेड की जांच के दौरान कई राजफाश हुए हैं। ईडी चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय की 15 सदस्यीय टीम ने शामली में ट्रेडिंग कंपनी में निवेश कराने वाले एजेंट के घर छापेमारी की। आरोपित राजेंद्र सूद, विनीत कुमार, संतोष कुमार और नवाब पर विदेशी मुद्रा व्यापार की आड़ में मल्टी-लेवल मार्केटिंग स्कीम चलाने का आरोप था। नवाब समेत 20 से अधिक एजेंटों से पूछताछ की जा चुकी है, जिनमें बागपत के मोबिन, मुजफ्फरनगर, शामली और रोहतक, नोएडा, दिल्ली निवासी एजेंट हैं। हालांकि ईडी की ओर से अभी एजेंटों का नाम साझा नहीं किया गया। ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार जल्द ही मामले में बड़ी गिरफ्तारी भी हो सकती है। इस मामले में ईडी की कार्रवाई के साथ अब आरोपित राजेंद्र सूद, विनीत कुमार व संतोष शर्मा जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

## टोल प्लाजा में गड़बड़ी की शिकायतों पर सरकार सख्त




**नई दिल्ली।**

कई राज्यों में टोल प्लाजा पर अवैध सॉफ्टवेयर के जरिये धोखाधड़ी का बड़ा नेटवर्क सामने आने के बाद केंद्र सरकार टोल आपरेटरों की निगरानी के लिए अपने स्तर पर आडिट कैमरे लगाने पर विचार कर रही है। ये कैमरे मुख्य रूप से उन टोल प्लाजा पर लगाए जाने का विचार है, जहां बड़ी संख्या में गाड़ियों का आवागमन होता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण टोल वसूली की सही गणना तथा प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों के वर्गीकरण के लिए आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस का भी इस्तेमाल करेगा। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने टोल प्लाजा में गैर फास्टैग वाहनों से नकद टोल वसूली में धोखाधड़ी का खेल पकड़ा था। वाराणसी के एक टोल प्लाजा (अतरैला शिव गुलाम) में पकड़ी गई धांधली के तार कई राज्यों तक फैले मिले। इस धांधली के तहत अवैध सॉफ्टवेयर के जरिये वाहन चालकों से दोगुना टोल वसूला जा रहा था, लेकिन यह पैसा आपरेटर की नियमित वसूली से अलग था। अनुमान है कि टोलकर्मियों की मिलीभगत से हो रही यह वसूली एनएचएआइ को रोजाना दो करोड़ रुपये तक का नुकसान पहुंचा रही थी। दावा है कि 14 राज्यों में 42 टोल प्लाजा में यह गड़बड़ी की गई। हालांकि एनएचएआइ ने इससे इन्कार किया है। गुरुवार को लोकसभा में इससे जुड़े एक सवाल पर मंत्रालय ने जवाब दिया है कि फास्टैग से होने वाले 98 प्रतिशत ट्रांजेक्शन में गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन अतरैला शिव गुलाम टोल प्लाजा में पूरी तरह कैश के जरिये वसूली हो रही थी।

## वक्फ बिल पर जेपीसी: हंगामे के बाद संसद में सरकार ने पेश किया शुद्धिपत्र

**नई दिल्ली।**



वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में असहमति से जुड़े हिस्सों को कथित रूप से हटाए जाने के मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बाद भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने बृहस्पतिवार दोपहर उच्च सदन में एक शुद्धिपत्र पेश किया। कुलकर्णी ने रिपोर्ट के परिशिष्ट पांच का शुद्धिपत्र राज्यसभा में भोजनावकाश के बाद पेश किया। उन्होंने सुबह सदन में रिपोर्ट पेश की थी। रिपोर्ट के परिशिष्ट का अध्याय पांच 'संयुक्त समिति के सदस्यों से प्राप्त टिप्पणियों/असहमतियों के कार्यवृत्त' से संबंधित है और इसमें वे टिप्पणी शामिल हैं जिन्हें पहले की पेश की गई रिपोर्ट में संपादित किया गया था। भाजपा सदस्य ने जैसे ही शुद्धिपत्र पेश किया, एक विपक्षी सदस्य ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह साबित करता है कि सदन को पहले एक मंत्री द्वारा गुमराह किया गया था। शुद्धिपत्र के लिए सरकार को धन्यवाद देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा-'यह दशार्ता है कि संसदीय संस्थाएं फल-फूल रही हैं और भावनाओं का ध्यान रखा जा रहा है। हम चाहते हैं कि संवाद और विचार-विमर्श के माध्यम से ही चीजें हों।'हालांकि, विपक्षी सांसदों ने कहा कि यह उनके दबाव में किया गया। तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने कहा कि सरकार को वक्फ जेपीसी को बिना हटाए गए विपक्षी असहमति नोट्स के साथ प्रस्तुत करने के लिए मजबूर किया गया। संस्थानों को बचाने के लिए विपक्ष रचनात्मक लड़ाई कर रहा है। जब रिपोर्ट को गुरुवार को पहले सदन में प्रस्तुत किया गया था तब गोखले ने मांग की थी कि रिजिजू को जवाब देना चाहिए कि क्या असहमति नोट्स में कोई संशोधन किया गया था। सरकार ने इस आरोप को दोनों सदनों में खारिज करते हुए कहा कि किसी असहमति को हटाया नहीं गया है और विपक्ष इस मामले में वोट बैंक की राजनीति कर रहा है। लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि कुछ विपक्षी दलों का दावा है कि उनकी आपत्तियों और असहमति को जगह नहीं दी गई है। मैं अपनी पार्टी (भाजपा) की ओर से उनसे अनुरोध करता हूं कि आपकी जो भी आपत्तियां हैं, उन्हें आप संसदीय परंपराओं के अनुसार रिपोर्ट में शामिल करा सकते हैं। मेरी पार्टी को इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

## संपादक की कलम से

### दिल्ली का जनादेश

देश को वैकल्पिक राजनीति व साफ–सुथरे प्रशासन देने के वायदे के साथ सत्ता में आई आम आदमी पार्टी का हालिया विधानसभा चुनावों में हुआ हश्र अप्रत्याशित नहीं है। निश्चित रूप से भाजपा के साधन–संपन्न बड़े संगठन और उसके केंद्र की सत्ता में होने का मुकाबला कर पाना किसी भी दल के लिये आसान नहीं था। भ्रष्टाचार के विरुद्ध चले अन्ना आंदोलन से उपजी आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल पार्टी के पोस्टर ब्वाय के रूप में तो उभरे लेकिन जब उन पर तथा उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, तो वे जनता की अदालत में खुद को पाक–साफ साबित नहीं कर पाये। दरअसल, पिछले एक दशक से केंद्र सरकार से लगातार टकराव, कोर्ट–कचहरी और आरोप–प्रत्यारोपों से दिल्ली की जनता भी तंग आ चुकी थी। निस्संदेह, शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आप ने रचनात्मक पहल जरूर की, लेकिन केंद्र सरकार व उसके प्रतिनिधि एलजी से लगातार जारी टकराव से दिल्ली का विकास अवरुद्ध होता नजर आया। लेकिन भाजपा ने जिस व्यापक स्तर पर और प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर दिल्ली का चुनाव लड़ा, उसके अप्रत्याशित परिणाम आने स्वाभाविक थे। इस तरह भाजपा ने ढाई दशक से अधिक के वनवास को खत्म करके सत्ता का वरण कर लिया। लेकिन 43 फीसदी मत व 22 विधायकों के साथ उभरी आप एक मजबूत विपक्ष की भूमिका में जरूर रहेगी। लेकिन यह जरूर है पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल व पार्टी के नंबर दो मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सत्येंद्र जैन आदि अन्य धुरंधरों की हार से विधानसभा में आप की आवाज कमजोर जरूर हो जाएगी। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि इन चुनावों के परिणाम से आप का अन्य राज्यों में विस्तार प्रभावित होगा। बहुत संभव है कि आप की पंजाब सरकार पर कुछ आंच आए। लेकिन एक बात तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस भाजपा के प्रदर्शन को कमजोर आंका जा रहा था, वह एक बार फिर जीत की लय में दिखायी दे रही है। उसने हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में यह करिश्मा दिखाया। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता न खुलना पार्टी के लिये निराशाजनक ही है। वहीं इंडिया गठबंधन के लिये भी यह स्थिति बेहद निराशाजनक है क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में उसके दो दल आप व कांग्रेस ताल ठोककर उतरे थे। इस चुनाव का एक रोचक पहलू यह भी रहा है कि अब तक मुफ्त की रेवड़ियों वाला आप का जो हथियार उसके विपक्षियों को पस्त करता रहा है, भाजपा ने उसी हथियार को आप के खिलाफ सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। खासकर महिलाओं को नकद राशि देने के भाजपा के वायदे ने गेमचेंजर की भूमिका निभायी। वहीं भाजपा के मजबूत संगठन और सशक्त चुनावी तंत्र ने तसवीर बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है।



ललित शर्मा
संपादक

# 'मोदी मंत्र' से दिल्ली के अभेद्य दुर्ग को आखिरकार जीत ही गयी 'भाजपा'

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के परिणाम 8 फरवरी यानी कि शनिवार को आ चुके हैं, जिसमें भाजपा ने 27 वर्ष के बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। चुनावी रणभूमि में भाजपा को 48 और आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं, वहीं कांग्रेस लगातार तीसरी बार बिना कोई सीट हासिल किये शुन्य की हैट्रिक लगाने में सफल रही है। भाजपा गठबंधन को आम आदमी पार्टी से 3.6 फीसदी ज्यादा मत मिले हैं, जिसके चलते वह आप से 26 सीटें ज्यादा जीतने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये गये जीत के मंत्र के दम पर ही दिल्ली चुनाव में भाजपा ने वर्ष 2020 के मुकाबले लगभग 9 फीसदी वोट ज्यादा हासिल किया है। वहीं आम आदमी पार्टी को लगभग 10 फीसदी वोटों का नुकसान हुआ है और कांग्रेस का भी 2 फीसदी वोट बढ़ गया है। वर्ष 2020 से तुलना करें तो चुनावी रणभूमि में भाजपा की 71 फीसदी स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं हैं, भाजपा ने 68 सीटों पर चुनाव लड़कर 48 सीटें जीतीं। वहीं आम आदमी पार्टी का स्ट्राइक रेट 31 फीसदी रहा, उसको 40 सीटों का नुकसान हुआ है।

वैसे देखा जाए तो वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव दर चुनाव गैर भाजपाई सरकार वाले राज्यों में भाजपा की पताका को लहराने का कार्य बखूबी किया है, लेकिन भाजपा देश के दिल दिल्ली को जीतने में बार-बार प्रयास के बावजूद भी विफल हो रही थी, लाख प्रयास के बावजूद भी दिल्ली की चुनावी रणभूमि में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अरविंद केजरीवाल की कोई ठोस काट धरातल पर नहीं ढूंढ पा रहा था। वर्ष 2014 से ही केंद्र की सत्ता पर काबिज होने बावजूद भी दिल्ली की जनता बार-बार भाजपा को नकारने का कार्य कर रही थी, जो स्थिति भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बहुत ज्यादा असहज करने वाली थी। चुनाव दर चुनाव भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार का कोई तोड़ नहीं निकाल पा रहा था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए लगातार आत्ममंथन कर रहा था कि आखिरकार बार-बार कसर कहां पर रह जाती है, किसी कारण से दिल्ली का मतदाता लोकसभा चुनावों में भाजपा को गले लगा लेता है लेकिन वह विधानसभा चुनावों में दुत्कार देता है। दिल्ली के मसले पर देश के राजनीतिक गलियारों में भी केजरीवाल की सफलता का उदाहरण दिया जाने लगा था कि किस तरह से बहुत ही कम समय में वह दिल्ली के मतदाताओं के दिलों पर छा गए थे और फिर वर्ष 2013, वर्ष 2015 और 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार बनाने का कार्य किया था। लेकिन इस बार दिल्ली के विधानसभा चुनावों में 'मोदी मंत्र' ने स्थिति को बदलने का कार्य कर दिया है। मतदाताओं ने दिल खोलकर के भारतीय जनता पार्टी की झोली भरने का कार्य किया कर दिया है, मोदी के चहरे के दम पर ही दिल्ली विधानसभा चुनावों में 48 सीट जीतकर के 27 वर्षों के बाद सत्ता पर काबिज होने का भाजपा को अवसर मिला है।

हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों के बहुत बड़े वर्ग का मानना है कि भारतीय राजनीति में जब अरविंद केजरीवाल का पदार्पण हुआ था तो उस वक्त केजरीवाल ने दिल्ली व देश की जनता को संदेश दिया था कि वह ईमानदारी के साथ देश के विकास के लिए बिना किसी पूर्वाग्रह से पीड़ित हुए स्वच्छ गांधीवादी राजनीति करेंगे। उस वक्त केजरीवाल ने लोगों को बहुत-बहुत बड़े सपने दिखाए थे, राजनीतिक जीवन के लिए उच्च श्रेणी के मानदंड रखने का कार्य किया था, लेकिन जैसे ही वर्ष 2013 में केजरीवाल के हाथ दिल्ली की सत्ता आयी वह राजनीति में शुचिता लाने की बाद एक-एक करके भूलने लग गये थे। केजरीवाल ने गाडी, बंगाल और सुरक्षा पर बनाये गये अपने ही सिद्धांतों को सबसे पहले तिलांजलि देने का कार्य किया था, फिर केजरीवाल ने धीरे-धीरे दिल्लीवासियों को फ्री सुविधा देने का लालच देना शुरू किया और लगातार तीन बार मुख्यमंत्री बनकर के दिल्ली की सत्ता का जमकर के आनंद लिया। लेकिन इस बार वह अपने द्वारा बनाए सिद्धांतों के इसी चक्रव्यूह में बुरी तरह से फँस गए थे, क्योंकि राजनीति के लिए केजरीवाल के खुद के द्वारा तय किए गए सभी मापदंड उनके ही हाथों पूरी तरह से ध्वस्त कर दिये गये थे। दिल्ली के मतदाताओं को केजरीवाल की कथनी व करनी में स्पष्ट अंतर नजर आने लग गया था। दिल्ली के वासियों ने करीब से देखा कि ईमानदारी, सुचिता व जमीन पर रहकर के आम आदमी से जुड़े रहने की राजनीति के सिद्धांतों पर केजरीवाल एंड कंपनी केवल फाइलों के भीतर ही अमल कर रही है, केजरीवाल का एक-एक करके साथ छोड़ते पुराने साथी पार्टी के भीतर लोकतंत्र के हाल पर जनता के बीच जाकर के गवाही दे रहे हैं, जिसका पूरा लाभ टीम मोदी ने इस बार के विधानसभा चुनावों में लिया और केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता से बेदखल करने का काम कर दिया।





दिल्ली की चुनावी रणभूमि में अरविंद केजरीवाल की हार की सबसे बड़ी वजह रही है कि केजरीवाल के खिलाफ नरेन्द्र मोदी का खुद चेहरा बनना। वहीं रही–सही कसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा केजरीवाल सरकार के शराब घोटाला व भ्रष्टाचार आदि के मुद्दों को उठाने ने पूरी कर दी थी।

जिस तरह से देश के दिल राजधानी दिल्ली की चुनावी रणभूमि में नरेन्द्र मोदी सेना ने जबरदस्त ढंग से हमलावर होकर के केजरीवाल की सेना को करारी हार देकर के प्रचंड विजय हासिल की है, वह आगामी कई दशकों तक देश की चुनावी राजनीति में एक नजीर बन गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमलों के आगे टीम अरविंद केजरीवाल के सामने दिल्ली की चुनावी रणभूमि में लड़ना इस बार बेहद ही कठिन कार्य था, लेकिन फिर भी अरविंद केजरीवाल की दिल्ली के मतदाताओं के लिए फ्री बांटों की रणनीति की काट ढूंढना देश के भोले-भाले आम जनमानस को असंभव लगता था, क्योंकि केजरीवाल ना सिर्फ चुनावी रणभूमि में मतदाताओं से तरह-तरह के लोकलुभावन वादे ही कर रहे थे, बल्कि वह पहले से ही बहुत सारी फ्री की रेवड़ियां बांटने की घोषणाओं पर धरातल पर अमल भी कर रहे थे। ऐसी स्थिति में दिल्ली में भाजपा को पुनर्जीवित करना आसान कार्य नहीं था, क्योंकि देश की राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों के एक बहुत बड़े वर्ग को केजरीवाल के पक्ष में रहने वाले मतदाताओं को तोड़कर के भाजपा के पक्ष में लाना असंभव कार्य लगता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जादुई व्यक्तित्व व ओजस्वी विचारों ने उस कार्य को कर दिखाया, मोदी ने दिल्ली की चुनावी रणभूमि में आम आदमी पार्टी को हराते हुए भाजपा को पुनर्जीवित करने के लिए जीवन देनी वाली कारगर संजीवनी बूटी बनने का कार्य बखूबी कर दिया।

दिल्ली की चुनावी रणभूमि में अरविंद केजरीवाल की हार की सबसे बड़ी वजह रही है कि केजरीवाल के खिलाफ नरेन्द्र मोदी का खुद चेहरा बनना। वहीं रही-सही कसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा केजरीवाल सरकार के शराब घोटाला व भ्रष्टाचार आदि के मुद्दों को उठाने ने पूरी कर दी थी। मोदी ने दिल्ली की जनता को समझाया कि आप सरकार दिल्ली के वासियों के लिए आप' दा बन चुकी है, भ्रष्टाचार के मामलों के चलते केजरीवाल कुल 177 दिन तक जेल में बंद रहे थे, जिसके चलते ही मोदी ने केजरीवाल को बार-बार 'कट्टर बेईमान' कहा था। कभी बंगला, गाड़ी व सुरक्षा ना लेने की कसम लेने वाले केजरीवाल के सरकारी बंगले 'शीशमहल' पर 45 करोड़ की भारी-भरकम धनराशि खर्च करके मोदी को एक और चुनावी मुद्दा स्वयं ही दे दिया था, जिसको मोदी व उनकी टीम ने बड़ा मुद्दा बनाया और चुनाव के पहले इसे 'शीशमहल' कहकर इसको आम जनमानस के बीच जमकर के प्रचारित करने का कार्य बखूबी करके केजरीवाल की छवि को जनता की अदालत में बट्टा लगाने का कार्य सफलतापूर्वक कर दिया था, मोदी ने पूरे चुनाव इस मुद्दे को लेकर के केजरीवाल पर जमकर हमला बोला था। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने केजरीवाल की फ्री बांटों की काट ढूंढते हुए दिल्ली में मतदान से 3 दिन पहले केंद्रीय बजट में 12 लाख तक के इनकम टैक्स को फ्री करने का बड़ा दांव चल कर केजरीवाल की थोक में वोट काटने का काम कर दिया था, क्योंकि दिल्ली में 67 फीसदी आबादी मध्यमवर्गीय है, जोकि आम आदमी पार्टी को एकतरफा वोट देने का कार्य कर रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने हर कार्यक्रम में दिल्ली की जनता को आश्वस्त किया कि हम मौजूदा आप सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना को बंद नहीं करेंगे और महिलाओं व बुजुर्गों को हर महीने 2500 रुपए देने का कार्य करेंगे। जिन्होंने दिल्ली के मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को आकर्षित करने का कार्य किया और भाजपा को चुनावी रणभूमि में जीता दिया। **-दीपक कुमार त्यागी**

## उदय किशोर साह



जीवन पथ

कविता

सूरज पूरब में जब आता है
नई संदेशा दे हमें जगाता है
अस्त और उदय का खेला है
नित्य हमें समझाता है

गिरना और उठना है जीवन
सरिता की धारा ने बतलाया
रोना और हँसना है जीवन
प्रकृति ने आज समझाया

हम अभिनेता हैं जीवन का
जग है एक नई रंगमंच
अच्छे बुरे का किरदार निभाना
जीवन में दे जाना है संदेखा

आओ प्यारे एक कहानी लिख दूँ
आने वाले नौनीहालों के खातिर
अच्छा कर्म करना है जीवन में
ना बनना है कभी धूर्त शातिर

तेरे अच्छे कर्म की अनुसरण
कर पायेंगे भविष्य में मेरे भाई
नाम रहेगा सदैव तेरी ऊँचा
कद्र करना है मेरे सब ओ साईं

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल होने का आह्वान @ 60 प्लस को राजनीतिक संन्यास का आह्वान



गोंदिया

भारत में अपनें मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम की 113 वीं कड़ी में 25 अगस्त 2024 को माननीय पीएम नें बताया कि लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 के संबोधन में बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने के आह्वान किया था जिससे युवाओं की ओर से व्यापक प्रतिक्रियाए मिली है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत तथा मजबूत लोकतंत्र के लिए सार्वजनिक जीवन में आने का आग्रह किया था। पीएम ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेक लोग सामने आए थे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। इन लोगों ने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है।उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं और बस उन्हें सही मौके तथा सही मार्गदर्शन की तलाश है। मेरा व्यक्तिगत मानना है कि इसके क्रियान्वयन के लिए 60 प्लस नेताओं को राजनीति से संन्यास लेने के लिए प्रेरित, बंधनकारक, अनिवार्य, जबरन रिटायरमेंट बनाने के लिए हर राजनीतिक दल को सख्त नीति बनाने की आवश्यकता है क्योंकि मैंने अपनी छोटी सी राइस सिटी गोंदिया नगरी में देखा है कि यहां 70 प्लस वाले भी रजिस्टर्ड नवयुवक सेवा मंडल के अध्यक्ष बन रहे हैं, तो 60 प्लस वाले भी रजिस्टर्ड पंचायत, संगठनों, संस्थाओं के अध्यक्ष बने हुए हैं तो कई पर्दे के पीछे 60 प्लस वाले कई संस्थाओं संगठनों परनियंत्रण रखे हुए हैं। फिर पंचायत समिति से लेकर संसद सदस्य तक, और पार्षदसे लेकर केंद्रीय व राज्यस्तर पर मंत्रिमंडल में भी हम 60 प्लस वालों को देख सकते हैं तो फिर लाखों युवा बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वालों की चांस लगाना क्या संभव है? इसको रेखांकित करना जरूरी है। बता दें वैश्विक स्तरपर किसी भी राष्ट्र के निर्माण में युवा वर्ग एक अहम भूमिका निभाता है। युवा वर्ग शारीरिक और मानसिक रूप से किसी भी कार्य को कुशलता पूर्वक करने में सक्षम होता है। हर व्यक्ति जीवन के इस दौर से गुजरता है। युवाओं को उच्चस्तर की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए और विभिन्न क्षेत्रो में अपना योगदान देना चाहिए।किसी भी राष्ट्र में कुल जनसंख्या का 20-30 जबकि भारत में विशेष रूप से 65 प्रतिशत हिस्सा युवा हैं।किसी भी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा वर्ग का सर्वाधिक योगदान रहा है। राष्ट्र की प्रगति विज्ञान, प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य, प्रबंधन और अन्य क्षेत्रों में विकासपर निर्भर होती है।इन सभी मानदंडों को पूरा करने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक आधार पर युवाका सशक्तीकरण आवश्यक है।युवा राष्ट्र का संरचनात्मक और कार्यात्मक ढांचा है। हर राष्ट्र की सफलता का आधार उसकी युवा पीढ़ी और उनकी उपलब्धियाँ होती हैं। राष्ट्र का भविष्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में निहित है।इसलिए युवा राष्ट्र निर्माण में सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। जिस तरह से इंजन को चालू करने के लिए इंधन जिम्मेदार होता है; ठीक उसी तरह युवा राष्ट्र के लिए है। यह राष्ट्र की प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है।किसी भी राष्ट्र को प्रौद्योगिकियों, शोध, विज्ञान, चिकित्सा, यानी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक के संदर्भ में प्रगति और विकास के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। जब युवा अपने प्रयासों के साथ ईमानदारी से यही काम करता हैं, तो इसे चिह्नित किया जाता है। भारत में युवाओं की सबसे बड़ी संख्या है, जिन्हें यदि बेहतर तरह से पोषित किया जाये और अगर ये अपना प्रयास सही दिशा में लगाते हैं, तो यह देश पूरी दुनिया में सबसे उत्कृष्ट बन जायेगा। चूंकि आज विकसित भारत बनाने में यंग माइंड्स की प्रभावशाली भागीदारी जरूरी है इसलिए आज हम पीएम के संबोधन का संज्ञान लेकर तथा मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल होने का आह्वान @ 60 प्लस को राजनीतिक संन्यास का आह्वान उम्रदराज राजनीतिज्ञ व परिवारवाद की राजनीति में कई गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाली टैलेंटेड प्रतिभाएं दब जाती है।दुनियां में जहां भी बदलाव हुए हैं वहां तरुणाई ने हमेशा नेतृत्व किया है।

साथियों बात अगर हम 25 अगस्त 2024 को माननीय पीएम की मासिक मन की बात की 113 वीं कड़ी में उनके विचारों की करें तो उन्होंने कहा इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को पॉलीटिकल सिस्टम से जोड़ने का आहवाहन किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है।इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है। इस विषय पर मुझे देश-भर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। लोगों ने मुझे कई तरह के सुझाव भी भेजे हैं। कुछ युवाओं ने पत्र में लिखा है कि ये उनके लिए वाकई अकल्पनीय है।दादा या मातापिता की कोई राजनीतिक विरासत नहीं होने की वजह से,वोराजनीति में चाहकर भी नहीं आ पाते थे। कुछ युवाओं ने लिखा कि उनके पास जमीनी स्तरपर काम करने का अच्छा अनुभव है, इसलिए, वे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं। कुछ युवाओं ने ये भी लिखा कि परिवारवादी राजनीति, नई प्रतिभाओं का दमन कर देती है। कुछ युवाओं ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी। मैं इस विषय पर सुझाव भेजने के लिए हर किसी का धन्यवाद करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि अब हमारे सामूहिक प्रयास से ऐसे युवा, जिनका कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है, वे भी राजनीति में आगे आ सकेंगे, उनका अनुभव, और उनका जोश, देश के काम आएगा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेकों लोग सामने आए थे, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्होनें खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी स्पिरिट की जरूरत है। मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूँगा इस अभियान से जरूर जुड़ें। आपका ये कदम अपने और देश के भविष्य को बदलने वाला होगा।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर भारत की करें तो भारत लोकतंत्र की जननी है। देश की विविधता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें अपनी विविधता को सबसे बड़ी ताकत बनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जी-जान से जुटना होगा। वर्तमान समय की यह बड़ी उपलब्धि रही है कि देशवासियों में भारतीयता की सामूहिक चेतना का पुनर्जागरण हुआ है। इसी सामूहिक चेतना के कारण भारत के विकसित राष्ट्र का संकल्प और मजबूत हो रहा है। आज जन कल्याण से जग कल्याण की राह पर चलने वाला भारत पहला राष्ट्र है। आज समूचा विश्व भारत की तरफ गर्व और अपेक्षा से देख रहा है। वर्तमान कुशल नेतृत्व और त्वरित निर्णय शक्ति के कारण आज दुनिया के शक्तिशाली देश भी तमाम समस्याओं के समाधान के लिए भारत को मार्गदर्शक के तौर पर देखने लगे हैं। राष्ट्र को विकसित बनाने में युवाओं की सर्वाधिक महत्वपूर्ण भागीदारी हो सकती है। आगामी 25 वर्षों में भारत को विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। पीएम का भाषण आजादी के अमृत काल में युवाओं के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य करेगा।आज जब हम आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुके हैं तो यह पिछले 75 वर्षों में देश केसंकल्पों को पूरा करने वाले सभी लोगों के योगदान का स्मरण करने का अवसर है। साथ ही अमृत काल के आने वाले 25 वर्षो पर अपनी शक्ति और सामर्थ्य को केंद्रित भी करना है। तभी वर्ष 2047 में एक शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। युवा वर्ग देश का भविष्य होने केसाथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं की संख्या अन्य देशों से अधिक है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सरकार का पूरा ध्यान युवाओं के माध्यम से विकास लाने पर केन्द्रित है। उनके अनुसार युवा देश के विकास के लिए अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें न कि केवल उसका एक हिस्सा बनकर रह जाएँ। सरकार द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय युवा नीति-2014 का उद्देश्य युवाओं की क्षमताओं को पहचानना और उसके अनुसार उन्हें अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना और इसके माध्यम से विश्वभर में भारत को उसका सही स्थान दिलाना है।युवाओं के व्यक्तित्व में सुधार लाने, उनमें नेतृत्व के गुण विकसित करने एवं उनमें जिम्मेदार नागरिक के गुण और स्वयंसेवा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से युवा मामले विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वयित किया है। युवा देश की आबादी का सबसे जीवंत और संसाधन पूर्ण हिस्सा है, इनकी सामाजिक, आर्थिक विकास के सशक्तिकरण में महत्वपूर्णभूमिका है।गरीबी से बाहर आने एव आजीविका विकास के लिए उनकी आंतरिक क्षमताओं को बाहर लाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिससे कि वे स्वस्थ एवं सार्थक जीवन यापन कर सकें। पीएम ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो रोडमैप साझा किया, उसे धरातल पर उतारने की पहली जिम्मेदारी देश के युवाओं की है। कहते हैं, जिस ओर जवानी चलती है, उस ओर जमाना चलता है।

साथियों बात अगर हम युवा भारत के संबंध में माननीय पीएम के विचारों की करें तो, उन्होंने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। विकसित भारत की इससंकल्पना को साकार रूप देने में युवा आबादी की अहम भूमिका होगी। इस भूमिका के लिए युवाओं को तैयार करने का बीड़ा शिक्षा मंत्रालय ने उठाने का फैसला किया है। इस मिशन के लिए शिक्षा मंत्रालय युवाओं को दो तरह से तैयार करेगा। एक तो उन्हें विकसित भारत मिशन के लिए जागरूक मानवीय शक्ति के रूप में निखारा जाएगा। दूसरा, इस लक्ष्य में उनकी सलाह लेकर उन्हें समूची प्रक्रिया में शामिल कर उन्हें इस मिशन के प्रभावी सक्रिय तत्व के रूप में विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय से जुड़ी कई संस्थाओं ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के साथ इस दिशा में कई कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल होने का आह्वान @ 60 प्लस को राजनीतिक संन्यास का आह्वान।उम्रदराज राजनीतिज्ञ व परिवारवाद की राजनीति में कई गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाली टैलेंटेड प्रतिभाएं दब जाती है।

# स्वच्छता अभियान स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त शहर के लिए निरंतर प्रयास

वेलकम इंडिया







**लखनऊ।** नगर निगम के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर की सड़कों को धूल-मिट्टी, कचरे और गंदगी से मुक्त करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और मैन्युअल सफाई मित्रों द्वारा व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 65 मेकेनाइज्ड स्वीपर मशीन्स और लगभग 238 मैन्युअल स्वीपर द्वारा 3,688 किलोमीटर सड़कों की सफाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

एलएसए के रीजनल डायरेक्टर अभय रंजन ने बताया कि सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु लगातार नए कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे सफाई कार्य में अधिक दक्षता और प्रभावशीलता लाई जा सके। इसके अतिरिक्त, सड़कों की सफाई के साथ-साथ डिवाइडर की सफाई, नालियों की सफाई एवं चैराहों पर लगी मूर्तियों की धुलाई और सफाई का कार्य भी पूर्ण तन्मयता के साथ किया जा रहा है।

हाई-प्रेशर वाटर जेट मशीनों का उपयोग कर डिवाइडर एवं सड़कों पर जमी गंदगी और धूल को हटाने का कार्य किया गया, जिससे शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। इस तकनीकी पहल से लखनऊ को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

लखनऊ स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए प्म्ब (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जा रहा है। साथ ही, घर-घर जाकर नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने घर से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग करें और इसे लखनऊ स्वच्छता अभियान के सफाई मित्रों को ही सौंपें। आम नागरिकों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने आस-पास का क्षेत्र साफ-सुथरा रखें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। स्वच्छता प्रक्रिया को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के लिए मशीनों का उपयोग किया गया, जिससे श्रमशक्ति की बचत के साथ-साथ सफाई की गुणवत्ता में भी वृद्धि हुई। लखनऊ स्वच्छता अभियान की टीम लगातार शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। लखनऊ स्वच्छता अभियान के अधिकारियों की ओर से आम नागरिकों से भी अनुरोध किया गया है कि वे इस सफाई पहल में सक्रिय सहयोग करें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं और कचरा अधिकृत सफाई मित्रों को ही सौंपें।

## 21 से 11 मार्च तक परीक्षा केंद्रों में रहेगी निषेधाज्ञा

**बागेश्वर।** आगामी 21 फरवरी से 11 मार्च तक उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान बागेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। परगना मजिस्ट्रेट बागेश्वर मोनिका ने बताया कि निर्धारित केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए परीक्षा समाप्ति की तिथि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। बताया कि कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी डंडा, चाकू, स्टिक, हॉकी, भुजानी, खुखरी, तलवार अथवा अन्य कोई तेज धार वाला शस्त्र, पटाखे, बम, अन्य ज्वलनशील पदार्थ, किसी भी प्रकार का बारुद या बिना बारुद वाला शस्त्र जिनका प्रयोग हिंसा के लिए या जन साधारण को डराने/धमकानें के लिए या कोई अपराध करने के लिए असामाजिक, अवांछनीय, आपराधिक कृत्य भी सम्मिलित है, लेकर नही चलेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यन्त्र का प्रयोग करेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के जुलुस एवं भाषण ध्वनि विस्तारक यंत्र, उत्तेजनात्मक नारों का न ही प्रयोग करेगा।

# जिलाधिकारी ने ली जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिले में संचालित आधार केंद्रों की जानकारी ली तथा प्रस्तावित आधार केंद्रों को जल्द संचालित कराने के निर्देश दिए।

गुरुवार को जिला कार्यालय में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने आधार केंद्रों का प्राथमिकता के साथ संचालित कराने के निर्देश दिए ।साथ ही शून्य से 5 साल के बच्चों के आधार कार्ड बनाने व आधार कार्ड अपडेट कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

आधार केंद्र संचालित नहीं होने या आधार बनाने व नाम सुधारने के लिए आ रही समस्याओं का भी तुरंत समाधान करने को कहा। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी, बाल विकास अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी व ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि जिले में बंद पड़े आधार सेंटरों को संचालित करने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। जिससे लोगों को आधार बनवाने या सुधारने में किसी प्रकार की दिक्कत न झेलनी पड़े। उन्होंने नागरिकों के आधार अपडेशन आदि की जानकारी लेते हुए कार्यों को प्राथमिकता के तहत करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मंजूलता यादव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर रोहित बहुगुणा समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीआरवी 3304 बाइक द्वारा बाइक को टक्कर मार देने से घायल 01 व्यक्ति को भेजवाया गया अस्पताल

**संतकबीरनगर।** पीआरवी 3304 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत मीरगंज से कालर पारसनाथ ने बाइक के द्वारा बाइक को पीछे से ठोकर मार देने से घायल 01 व्यक्ति हरिओम पुत्र वंश गोपाल ग्राम लेडुआ थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी आ0 दीपक कुमार, हो0चा0 अवधेश कुमार ने घटनास्थल पर समय से पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सूझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुँचकर घायल को ईलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया ।

## 62 वाहनों से 77,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 62 वाहनों से 77,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

## नजारा वो हंसीं होगा, मेरे जब पास होगा तू: डॉ.सुमन मोहिनी

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था पोएट्री विद मोहिनी के द्वारा इंदिरापुरम में शानदार काव्य अधिवेशन का आयोजन किया गया।

कला आकार स्टूडियो में आयोजित काव्य अधिवेशन की अध्यक्षता वाराणसी के सुप्रसिद्ध गजलकार गोपाल केशरी की ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध कवयित्री एवं शिक्षाविद् डॉ रमा सिंह उपस्थित रहीं। मंच संचालन संस्थापिका एवं राष्ट्रीय ख्यातिनाम कवयित्री डॉ.सुमन मोहिनी ने किया।

कार्यक्रम के आरंभ में कवि सावन कुमार ने अपनी कविता में कहा कि अब चांद निकलने वाला है। वही सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ नीलाम अरोड़ा ने कहा कि सांसों का क्या भरोसा, ऐ वन्दे जान ले तू। ओज के कवि शिवम बर्मन ने अपनी देश भक्ति का इजहार कुछ इस तरह किया - तन समर्पित मातृभूमि पे, समर्पित कलम और वाणी की तरूणाई। अयोध्या से पधारी श्रृंगार की युवा कवयित्री अर्चना पाण्डेय ने कहा - तेरे आंचल की छाया में पलती रहूँ। धूल चरणों की माथे पे मलती रहूँ।

राष्ट्रीय कवयित्री एवं मंच संचालिका डॉ सुमन मोहिनी ने अपनी सुमधुर वाणी में जब गजल सुनाई तो समूचा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।उन्होंने पढ़ा - नजारा वो हंसीं होगा मेरे जब पास होगा तू। खिलेगी चांदनी दिल में, सितारा खास होगा तू।।युवा एवं उत्साही कवि सैय्यद बदरूद्दुजा फैजाबादी ने कह- उसकी आँखों को इंतजार किसका है ? उसके हाथों में गुलाब किसका है ?।गीतकार, पत्रकार सुभाष श्रीवास्तव की बेटियां शान हमारी हैं, बेटियां मान हमारी है। युवा कवि ऋषि मौर्य ने कहा- इश्क जिनसे हुआ वह जुलुम कर गया। इनके अलावा गोल्डी गीतकार,रश्मि गंगवार रितु रस्तोगी, वीरेंद्र सिंह कौशल, डिंपल विकल खटाना, सत्यम सक्सेना प्रवीन रंजन ,श्याम किशोर, भारत मौर्य, दयाराम खारवाल ,संयम ,कुलदीप मिश्रा, अभिषेक मिश्रा ,अरुण राठौर, प्रियांशु नेगी, मदन सिंह, हरीश गंगवानी, सुमेर सिंह, अज्जू राजा, स्मिता सिंह चौहान, पवन मल्हार, ने भी अपनी बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुत देकर काव्य अधिवेशन में समा बांध दिया।

काव्य अधिवेशन गरिमामयी तरीके से सुबह से सायं तक वरिष्ठ और युवा कवि कवयित्रियों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन रचनाओं की प्रस्तुति से काव्य की रसधार बहती रही। कार्यक्रम के अंत में पोएट्री विद मोहिनी संस्था की संस्थापिका राष्ट्रीय कवयित्री,गजलकारा डॉ.सुमन मोहिनी सलोनी ने सभी आगंतुकों और रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।

## दुकान से खोया बैग कोतवाली पुलिस की सूझबूझ से वापस मिला

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** नगर के गोमती पुल स्थित एक ब्यूटी पार्लर में रुपए सहित आधार कार्ड दो एटीएम और अन्य दस्तावेजों वाला बैग दुकान से गुम हो गया ।जिसके बाद ब्यूटी पार्लर संचालिका को बैग के खोने का पता चला, जिसके बाद अचानक सामान गुम होने की बात चलते ही वह उसकी खोजबीन करने में जुट गई। वही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में खोजबीन की जिसमें एक एक्टिवा स्कूटी में सवार महिला के पास बैग ले जाते हुए नजर आया ।जिसके बाद सामान गायब होने की सूचना पर आसपास लगे सीसीटीवी में सामान ले जाने वाली महिला की खोजबीन शुरू की ।जिसके बाद इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी ।जिसके बाद कोतवाल कैलाश नेगी ने तत्काल चीता पुलिस में तैनात जवानों को बैग की खोजबीन के लिए निर्देश दिए ।मामले में पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा भी तत्काल खोए बैग की तलाशी के लिए पुलिस उपाधीक्षक और कोतवाल को खोए हुए बैग की खोजबीन करने के निर्देश दिए ।जिसके बाद कोतवाल कैलाश नेगी ने चीता पुलिस की टीम को तत्काल खोजबीन के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की1जांच औ ? स्कूटी वाहन की जानकारी लेने के निर्देश दिए ।वही पुलिस ने सायबर सेल में तैनात सायबर विशेषज्ञ गिरीश बजेली के सहयोग से आसपास लगे कैमरों की जांच कर खोजबीन शुरू की ।जहाँ सायबर विशेषज्ञ गिरीश बजेली ने दूरसंचार विभाग में लगे निगरानी कक्ष कंट्रोल रूम में विभिन्न मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से पड़ताल की जिसके बाद संदिग्ध स्कूटी को ट्रेस किया।

## महिला डाक कर्मी से प्रमोशन के नाम पर एक लाख की ठगी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

■ डाक विभाग की महिला कर्मचारी का वरिष्ठ अधिकारी पर सनसनीखेज आरोप, थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** डाक विभाग में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने पूर्व वरिष्ठ डाक अधीक्षक विनोद कुमार सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लखनऊ जीपीओ में कार्यरत डाक सहायक ने बरेली के सुभाषनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है ।उनका आरोप है कि जब वह कानपुर में तैनात थीं, तब अधिकारी ने उनका प्रमोशन कराने के बहाने एक लाख रुपये लिए, लेकिन न तो प्रमोशन हुआ और न ही पैसे वापस मिले। जब उन्होंने रुपये लौटाने की मांग की, तो उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। महिला डाक कर्मी के अनुसार, जब वह कानपुर सिटी डिवीजन में कार्यरत थीं, तब स्वास्थ्य कारणों से करीब छह महीने तक कार्यालय नहीं जा सकीं। इसके कारण उनका कार्यकाल ₹अकार्य दिवस₹ घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसे सही कराने और प्रमोशन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया ।इस दौरान तत्कालीन सहायक निदेशक विनोद कुमार सिंह, जो उस समय कानपुर परिक्षेत्रीय कार्यालय में तैनात थे, ने कथित रूप से मदद के नाम पर उन्हें अपने कार्यालय में बुलाकर एक लाख रुपये ले लिए। लेकिन पैसे लेने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। जब महिला कर्मी ने अपने रुपये वापस मांगे, तो आरोपी अधिकारी ने कथित रूप से उनका हाथ पकड़कर अभद्र व्यवहार किया और उन्हें अकेले अपने आवास पर आने के लिए मजबूर किया।उन्होंने धमकी दी कि अगर वह उनकी ₹इच्छाओं₹ के अनुसार नहीं चलेंगी, तो न तो उनका प्रमोशन होगा और न ही पैसे वापस मिलेंगे।

### महिला कर्मी को दी गई धमकियां

महिला का आरोप है कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगने के लिए बरेली स्थित उनके आवास (167, तिरुपति एस्टेट कॉलोनी, बदायूं रोड) पर जाने का निर्णय लिया, तो वहां भी उन्हें अपमानित किया गया। विनोद कुमार सिंह ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं और धमकी दी कि अगर उन्होंने ज्यादा कोशिश की, तो उनका पूरा करियर और जीवन बर्बाद कर देंगे। घटना के समय मौजूद ऑटो चालक राकेश वर्मा ने भी कथित रूप से पूरे घटनाक्रम को सुना और इसे गलत बताया।

### पीड़ित ने की कानूनी कार्रवाई करने की मांग

महिला ने सुभाषनगर थाने में विनोद कुमार सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और उनके खिलाफ धोखाधड़ी, यौन उत्पीड़न का प्रयास, जातिसूचक गालियां देने और मानसिक प्रताड़ना के आरोपों में मुकदमा पंजीकृत कराया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट, आईपीसी की धारा 354 (महिला का शोषण), 420 (धोखाधड़ी) और अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई हो सकती है।

## बरेली में सड़क हादसों थमने का नाम नहीं ले रहे है

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें एक बीए का छात्र, एक मजदूर और एक किसान शामिल हैं। हादसे के बाद सभी परिवारों में गम और मातम का माहौल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दोषी वाहन चालकों की तलाश में जुट गई है।

### पहला हादसा: तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार छात्र को रौंदा

थाना फरीदपुर के गांव दुल्हनिया निवासी 21 वर्षीय फूल बाबू को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के मामा इकबाल सलवानी ने बताया कि फूल बाबू बीए सेकंड ईयर का छात्र था और कोचिंग से लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी। मृतक अपने भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था और पढ़ाई में काफी होनहार था।

### दूसरा हादसा हल्द्वानी में प्रवासी मजदूर की मौत

थाना बहेड़ी क्षेत्र के गुरुसोली निवासी 28 वर्षीय वीर सिंह हल्द्वानी में प्राइवेट जॉब करते थे। मंगलवार को वह सब्जी लेने के लिए बाइक से निकले थे, तभी गांव झूठपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।हादसे के बाद वीर सिंह को गंभीर हालत में हल्द्वानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वीर सिंह की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम पसर गया। उनकी पत्नी शीतल रो-रोकर बेहाल है। मृतक की एक छोटी बेटी है और वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पेट पालते थे।

### तीसरा हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

थाना हाफिजगंज के गांव प्रेमपुर मुरारपुर निवासी 34 वर्षीय सुखलाल की बीती देर शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सुखलाल किसी काम से बाइक पर कुंडलिया जा रहे थे, तभी गांव जावेदा के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतक की पत्नी सरिता गहरे सदमे में हैं। सुखलाल खेती-बाड़ी करते थे और अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गए हैं।

### पुलिस कर रही जांच

तीनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## बिना डॉक्टर के संचालित हो रहे बरेली के 8 स्वास्थ्य केंद्र, मरीजों का कैसे हो इलाज ?

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

> पीजी में चयन होने पर डॉक्टरों ने त्याग पत्र दे दिए हैं, हालांकि व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए जल्द ही संविदा पर डॉक्टरों भर्ती की जाएगी।
> **-डॉ. विश्राम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ)।**

बरेली। जिले में आम लोगों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं देने के दावे दम तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि बरेली के शहरी क्षेत्र के आठ स्वास्थ्य केंद्र बिना डॉक्टरों के संचालित हो रहे हैं। पीजी में चयन होने पर इन केंद्रों के डॉक्टरों ने त्यागपत्र दे दिया है। जल्द दो से तीन केंद्रों से भी डॉक्टर नदारद नजर आएंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शहर में कुल 52 स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन हो रहा है, जिसमें 26 नगरीय स्वास्थ्य केंद्र और 26 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। इनमें शामिल आठ केंद्रों पर तैनात डॉक्टरों ने त्याग पत्र दे दिया है, जिससे मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। इन केंद्रों में बानखाना, बाकरगंज, नंदौसी, आंवला, गंगापुर, बिहारमान नगला, सिविल लाइंस और जाटवपुरा शामिल हैं। दरअसल, लंबे समय से शासन की ओर से डॉक्टरों के स्थाई पदों पर भर्ती नहीं की गई है। इस कमी को पूरा करने के लिए विभाग वॉक इन इंटरव्यू कर संविदा पर डॉक्टरों की भर्ती कर रहा है, लेकिन इन डॉक्टरों को पीजी में चयन होने पर डॉक्टर फौरन विभाग को त्याग पत्र दे रहे हैं। जिससे कई माह तक स्वास्थ्य केंद्र बिना डॉक्टरों के संचालित हो रहे हैं।

# वैलेंटाइन वीक में क्यों टूटे दिल के रिश्ते !

## जिन लोगों ने प्रेम विवाह के दौरान खाई थी कसमें, अब वही मांग रह अपने प्रेमी से तलाक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** वैलेंटाइन वीक में जहां तमाम जोड़े साथ रहने की कसमें खा रहे हैं, वहीं प्रेम विवाह करने वाले जोड़े अब अपने प्रेमी साथी से अलग होने की कोशिश कर रहे हैं। बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र में तीन ऐसे जोड़ों की काउंसलिंग की गई जिन्हें प्रेम विवाह करना रास नहीं आया। इनमें काउंसिलिंग के बाद दो की फाइल बंद कर दी गई जबकि एक में तारीख दे दी गई।

सुभाषनगर की महिला ने अपने पति से अलग होने का फैसला लिया है। उसने छह साल पहले घर के पास में ही रहने वाले युवक से प्रेमविवाह किया था। यह महिला मायके में ही अपने पति के साथ रहती थी लेकिन अब उस पर शराब और गलत संगति के साथ रोज-रोज मारपीट का आरोप लगा रही है। वहीं युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी तलाक इसलिए लेना चाहती है क्योंकि उसके प्रेम संबंध अब किसी और के साथ हो गए हैं। उसने उससे गुपचुप तरीके से शादी भी कर ली है, इसीलिए उससे तलाक मांग रही है। दोनों की सहमति पर कोर्ट में तलाक लेने पर समझौता हुआ। एक अन्य मामले में बरेली के नवाबगंज की एक युवती ने भी अपने प्रेमी से 2023 में परिवार की रजामंदी से विवाह किया। अब उसने पति पर दहेज मांगने और शराब पीकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तलाक का मामला दायर कराने की मांग की।

इस प्रकरण में युवक ने बताया है कि यह उसकी दूसरी शादी है, जो प्रेम विवाह था। युवती के घर वालों की रजामंदी से शादी से एक साल पहले से वे लोग साथ रह रहे थे। अब तक सब कुछ ठीक था, लेकिन अब कुछ महीने से युवती के अपने मायके के पास रहने वाले युवक के साथ संबंध हो गए हैं। इसलिए वह उस पर झूठे आरोप लगाकर तलाक मांग रही है। इस मामले में अगली तारीख दे दी गई है। इसी प्रकार बरेली के शेरगढ़ क्षेत्र के रहने वाले युवक की शादी आठ साल पहले पास के गांव की युवती से हुई थी। इस मामले में युवक ने बताया है कि शादी के बाद पता चला कि पत्नी मानसिक मंदित है। शादी के समय उसने ज्यादा जांच नहीं की थी। दोनों का एक बच्चा भी है, लेकिन अब वह पत्नी के साथ नहीं रहना चाहता। युवक ने कहा कि उसका भरोसा नहीं कि घर में उसकी गैरमौजूदगी में वह क्या करेगी। बच्चा उसके घरवाले पाल लेंगे। इस मामले में शादी का सामान वापस देने पर समझौता हुआ। दोनों पक्षों में शादी के दौर हुए खर्च की राशि वापस देकर पत्नी को साथ न रखने का फैसला किया।

# वाह रेल लाइन का सर्वे को आई टीम

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिले में रेल लाइन निर्माण की मांग वर्षो से चल रही है ।पर अब केंद्र सरकार द्वारा सर्वे कराने के लिए बजट जारी करने के बाद जिले में कई स्थानों में रेल लाइन निर्माण का सर्वे कर रही टीम अलग अलग स्थानों में पिलरलगवा रही है ।वही जिले में पूर्व में टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन निर्माण हेतु सर्वे होने की चर्चाए तेज हुई थी, लेकिन जिला मुख्यालय में अब रेल लाइन निर्माण के बाद रेल स्टेशन निर्माण को लेकर जिला मुख्यालय के समीप खोली में रेल स्टेशन भूमि चयन को लेकर सर्वे टीम के सदस्य अपने मजदूरों के साथ पिलर गाड़ने गए थे, पर वहां ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए ।उन्होंने सर्वे कर रही टीम को फटकार लगाते हुए बिना ग्रामीणों की सहमति से वहां रेलवे स्टेशन और आवासीय इकाइयों के1निर्माण कराने की योजना का विरोध जताया ।और गांव की अधिकांश भूमि पहले ही विकास कार्य के लिए सरकार को देने की बात कहते हुए वहां प्रस्तावित रेलवे स्टेशन या अन्य कार्य के लिए अपनी नाप भूमि नही देने की बात कही ।वही एक तरफ रेलवे विभाग के लिए सर्वे होने और दूसरी तरफ मामले में किसी भी संस्था एजेंसी द्वारा कोई सर्वे करने की जानकारी जिला प्रशासन को नही होने की बात सामने आ रही है ।मामले में जिलाधिकारी आशीष भटगाई को भी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गांव में रेलवे द्वारा सर्वे करने और बिना काश्तकारों कि अनुमति के सर्वे कर पिलर लगाने की मौखिक शिकायत की ।जिसके बाद डीएम ने मामले में इस सम्बंध में कोई भी आदेश सरकार या शासन स्तर से नही मिलने की बात करते हुए इस सम्बंध में बिना जिला प्रशासन राजस्व विभाग की अनुमति के सर्वे कार्य होने पर मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं।

# निकाय चुनाव के बाद विकास कार्यों में लाएंगे तेजी: मुख्यमंत्री

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि निकाय चुनाव के बाद जनता से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों में और तेजी लाने के साथ-साथ नई परियोजनाओं पर भी तीव्र गति से कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज नारनौंद में कार्यकताओं द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि की जीत सुनिश्चित कर क्षेत्र को विकास के मामले में आगे बढ़ाने का काम करें।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कस्ते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव के दौरान श्री केजरीवाल द्वारा तरह तरह की अफवाहें फैलाई गई और कहा कि हरियाणा ने यमुना नदी के पानी में जहर मिला दिया। लेकिन जन्म तो केजरीवाल का भी यहीं हुआ है, हरियाणा के लोग तो ऐसे है जो स्वयं जहर पीकर दूसरों को अमृत पिलाते हैं। हरियाणा के लोग सनातन संस्कृति को मानने वाले लोग हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटीयों के आगे केजरीवाल का झूठ नहीं चला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केजरीवाल दावा करते थे कि उन्हें कोई हराने वाला नहीं है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटीयों के आगे केजरीवाल का झूठ नहीं चला और दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को मजबूत जनादेश देते हुए प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने का काम किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भी 5 तारीख को वोटिंग हुई, और 8 को रिजल्ट आया तथा भारतीय जनता पार्टी की 48 सीट आई। दिल्ली में भी ऐसा ही हुआ और वहां भी भारतीय जनता पार्टी के 48 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने यमुना मैया को साफ करने का दावा किया था लेकिन 10 सालों में जनता से झूठे वायदे करते हुए सिवाए अपनी राजनीति चमकाने के उन्होंने कुछ नहीं किया।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकताओं के समक्ष निकाय चुनाव को लेकर कहा कि पार्टी का जो भी निर्णय आये, उसे स्वीकार करे और सबको साथ लेकर बीजेपी की जीत सुनिश्चित करवाए।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, विधायक रामकुमार गौतम, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व विधायक डॉ कमल गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, बीजेपी प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनियां, जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला परिषद चैयरमेन सोनू डाटा, जवाहर सैनी, आशीष जोशी, संजीव रेवड़ी, कर्मपाल पेटवाड़, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, प्रदीप, कृष्ण सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यात्रीसेवा परमो धर्मः की सूक्ति का पालन करते हुए मण्डल के वाणिज्य विभाग द्वारा अनुकरणीय एवं उल्लेखनीय कार्यशैली का निर्वहन

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, मंडल द्वारा महाकुंभ के अंतर्गत निर्वहन किए जाने वाले उत्तरदायित्वों के तहत मण्डल का वाणिज्य विभाग अपनी सशक्त एवं अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा हैक प्रयाग की परिधि में आने वाले प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग के सभी कर्मचारी पूरे मनोयोग के साथ अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर ह्ययात्रीसेवा परमो धर्मःह्व की सूक्ति का पालन करते हुए अनुकरणीय एवं उल्लेखनीय कार्यशैली का निर्वहन कर रहे हैं क मंडल रेल प्रबंधक, एस.एम. शर्मा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कुलदीप तिवारी के नेतृत्व में इन स्टेशनों पर निरंतर 24 घंटे कार्य करते हुए ये सभी कर्मचारी रेलयात्रियों एवं आने-जाने वाले पर्यटकों की संकल्प और समर्पण के साथ निरंतर सेवा कर रहे हैंक इस कार्य में वाणिज्य शाखा के अन्य अधिकारियों के द्वारा भी अपने कर्मियों को पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्टेशनों पर टिकट चेकिंग एवं आरक्षण सहित कुल 460 वाणिज्य कर्मी कार्य कर रहे हैं। स्टेशन की व्यूहरचना के तहत सुगम एवं निर्बाध यात्री तथा भीड़ प्रबंधन को देखते हुए वाणिज्य कर्मी पूर्ण तत्परता के साथ स्टेशनों के सभी मुख्य बिंदुओं जैसेः-यात्री आश्रयों में स्थित पूछताछ/मे आई हेल्प यू बूथ, बुकिंग काउन्टर, ट-वळर, क्विक रेस्पॉन्स टीम (हैंगर एवं प्लेटफॉर्म सहित), स्टेशन पर स्थित प्रवेश एवं निकास द्वार, आरक्षण कार्यालय, एकीकृत कमांड सेंटर, यात्री आश्रय में यात्री प्रबंधन व्यवस्था तथा यात्रियों का इनमें प्रवेश और निकास इत्यादि का कार्य सुचारु रूप से कर रहे हैं।

यात्रियों एवं आमजन के सीधे संपर्क में आने वाले रेलवे के इन अग्रदूतों को निरंतर अलग- अलग पालियों में कार्य करने के लिए लगाया जाता है। जहां ये सतर्क एवं जागरूक रहते हुए सामान्य दिवसों में तथा विशेष पर्व के स्नान दिवसों तथा मेला विशेष गाड़ियों के संचालन एवं आने वाली भारी भीड़ के समय अपनी अनुकरणीय एवं उल्लेखनीय कार्यशैली का प्रदर्शन कर रहे हैं और रेल राजस्व में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत रहते हैं। यात्रियों के साथ विनम्र, शिष्ट एवं सौम्य आचरण अपनाते हुए ये कर्मचारी यात्रीसेवा और सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर अपना कार्य कर रहे हैं। इनकी इस बहुआयामी कार्य प्रणाली के चलते जहां एक ओर रेलवे का कार्य विशेषतः यात्री सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन अत्यंत सुविधा से संपन्न हो रहा है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों को वांछित जानकारी और सहायता भी प्रदान किया जाना सहजता से संभव हो पा रहा है।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में किया कुम्भ यात्रा का आयोजन



वेलकम इंडिया

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल स्याऊ की प्रबंधिका आभा सिंह द्वारा विद्यालय के शिक्षक / शिक्षिकाओं के लिए 8 फरवरी से 10 फरवरी तक महाकुम्भ यात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमे कई शिक्षक / शिक्षिकायें अपने परिवार सहित इस यात्रा मे सम्मिलित हुए। प्रबंधिका आभा सिंह और प्रधानाचार्य अमन कुमार ने यात्रा मे सम्मिलित अध्यापक / अध्यापिकाओ को अपनी शुभकामनायें देते हुए बस को रवाना किया गया।

यात्रा मे भाग लेने वालों मे विद्यालय के कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह, प्रशान्त शर्मा, कंचन लता, सुनीता वर्मा, भूपेंद्र सिंह, तरुण अग्रवाल, अरविन्द कुमार, आकाश वर्मा, संदीप त्यागी, तुषार कुमार, बबली शाह, अर्चना शर्मा, रूचि मैडम, ममता चौधरी, राजो मैडम, दीपा चौहान, अंजना गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, नितिन काकरान, मनोरमा शर्मा, चन्द्रमणि सिंह इत्यादि सम्मिलित हुए। यात्रा से लौटने के बाद सभी यात्री अत्यंत प्रसन्न थे।

सभी ने सरकार द्वारा कुम्भ मे की गई व्यवस्थाओ की सराहना की औ? भगवान का धन्यवाद दिया कि उनकी कृपा से जीवन मे ये पल प्राप्त हुए जिनमे संगम मे स्नान का अवसर मिल पाया।

# सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों : व्यापारी से लेकर हर वर्ग के उद्यमियों एवं सोलर पैनल के लिए आकर्षक दरों पर मिलेगी लोन

वेलकम इंडिया




**हाथरस।** ग्राहकों को आकर्षक ब्याज दर पर एमएसएमई लोन सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पंजाब नैशनल बैंक द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर देश के कुल 150 से भी अधिक शहरों में एमएसएमई लोन एक्सपो का आयोजन किया। इसी क्रम में मंडल कार्यालय आगरा द्वारा ग्राहकों के लिए 13 फरवरी गुरुवार को एमएसएमई लोन एक्सपो का आयोजन अलीगढ़ स्थित अम्बा होटल हाथरस में किया। इस एक्सपो में व्यापारी वर्ग और हर वर्ग के उद्यमियों एवं सोलर पैनल के लिए आकर्षक दरों पर लोन की सुविधा बैंक की ओर से एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवायी जाएगी। इस मेले में बैंक अधिकारियों से एमएसएमई ऋण का परामर्श एवं ऋण की जानकारी आप एक ही स्थान पर ले सकते है। लोन मेले के दौरान आकर्षक छूट के साथ ग्राहकों को तत्काल सैद्धांतिक ऋण स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस मेले का विधिवत शुभारभ मुख्य अतिथि वीरेन्द्र राना, विधायक सिकन्द्राराऊ, उत्तर प्रदेश के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पीएनबी, प्रधान कार्यालय दिल्ली के एजीएम अरूण कुमार गुप्ता रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सर्किल हैड आगरा पीएनबी पंकज कुमार ने की। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त जिला उपायुक्त उद्योग केन्द्र जीएम अजलेश कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन पीएनबी मधुगढ़ी हाथरस ब्रान्च मैनेजर विनीत जैन ने किया चौ. बिजेन्द्र सिह (उद्योगपति) सहित अन्य उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में हाथरस के सम्मानित ग्राहकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि वीरेन्द्र राना, विधायक सिकन्द्राराऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा पीएनबी की लोकलुभावन एवं आकर्षक एमएसएमई ऋण एवं अन्य योजनाओं को जनकल्याणकारी बताया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के 5.3 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने के विजन को साकार करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। एमएसएमई के प्रति उठाए हुए कदमों की सराहना की और उन्होंने कहा कि पीएनबी के इस एमएसएमई लोन मेले में आकर ग्राहक व्यापार करने के सपने को साकार बना सकते हैं। साथ ही जिला उपायुक्त उद्योग केन्द्र जीएम अमलेश कुमार ने सीएम युवा योजना एवं एमएसएमई की अन्य योजनाओं के बारे में अवगत कराया और साथ ही पीएनबी एमएसएमई कआउटरीच प्रोग्राम एवं सरकारी एमएसएमई योजनाओं में पीएनबी की उत्कृष्ट भागीदारी को सराह। पीएनबी मधुगढ़ी हाथरस ब्रान्च मैनेजर विनीत जैन ने ग्राहकों को पीएनबी से जुड़ने के लिए आग्रह किया। पीएनबी प्रधान कार्यालय दिल्ली के एजीएम अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राहकों को आसान एवं सरल प्रक्रिया के साथ तत्काल ऋण उपलब्ध करवाने के लिए बैंक की ओर से एक दिवसीय एमएसएमई लोन मेले का आयोजन किया जिसमें न्यूनतम एवं रियायती दरों पर लोन उपलब्ध करवाया जाएगा।

# विवेक विश्वविद्यालय द्वारा रिसर्च स्कॉलर को दी जायेगी दो करोड़ अस्सी लाख की फेलोशिप

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर की शासी परिषद एवं कार्यपरिषद की संयुक्त बैठक में रिसर्च को प्रमोट करने के लिये दो करोड अस्सी लाख रुपये की रिसर्च फेलोशिप दिये जाने का निर्णय लिया गया।

मिटिंग में विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने कहा कि हमारा उददेश्य बिजनौर को रिसर्च के क्षेत्र में आगे ले जाना है इसके लिये हमने अच्छे रिसर्च स्कॉलर के लिये इस फेलोशिप का देने का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय के वाइस चॉसलर प्रोफेसर एन.के.गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय में पी.एच.डी के आवेदन हेतु फार्म की अंतिम तिथि 25 फरवरी 2025 निर्धारित की गयी है तथा परीक्षा 02 मार्च 2025 को करायी जायेगी। इस परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यथीर्यो का साक्षात्कार किया जायेगा तदुपरान्त चयनित अभ्यथीर्यो को पी.एच.डी करने के लिये बीस हजार रुपये प्रतिमाह फेलोशिप दी जायेगी। पी.एच.डी में आवेदन के फार्म हमारी वेबसाइट cccwww.vivekuniversity.ac.in पर उपलब्ध है।

## ऑपरेशन क्लीन :

# सादाबाद कोतवाली में 1.42 लाख रुपये में हुई 34 वाहनों की नीलामी, 13 ठेकेदार हुए थे शामिल

वेलकम इंडिया



सादाबाद। अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹आपरेशन क्लीन₹ के क्रम में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानो पर मुकदमों में दाखिल वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

जिसके क्रम में थाना सादाबाद पर मुकदमों में दाखिल 34 मोटर साइकिल का मूल्यांकन उपसंभागीय परिवहन अधिकारी हाथरस द्वारा कराया गया था, इसके उपरान्त उपजिलाधिकारी सादाबाद जनपद हाथरस व क्षेत्राधिकारी सादाबाद की अध्यक्षता में गठित टीम के क्रम में कुल 34 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया कराई गई। जिसमें जनपद हाथरस व गैरजनपदों के कुल 13 ठेकेदारों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान ठेकेदार मोनू पुत्र मोनुद्दीन पुत्र एनुद्दीन निवासी सादाबाद पहलवान ट्रेडर्स द्वारा अधिकतम बोली 1 लाख 42 हजार रुपए लगाये जाने पर नीलामी प्रक्रिया उनके हक में पूर्ण की गई। नीलामी प्रक्रिया से प्राप्त रुपये राजस्व की धनराशि को नियमानुसार कोषागार हाथरस में जमा कराया जायेगा।

## कोतवाली के पास से अज्ञात चोर भैंसा चुरा कर ले गए

**शिकारपुर।** वीरवार दोपहर को कोतवाली के पास बुग्गी से बंधे भैंसा को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने कोतवाली में घटना की तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेंद्र सिंह पुत्र गजयपाल सिंह निवासी सलेमपुर मढैया ने बताया कि वीरवार की दोपहर को बुग्गी में रखकर शिकारपुर में कुट्टी काटने मशीन को ठीक कराने आए थे। अपनी भैंसा बुग्गी शिकारपुर कोतवाली के पास खड़ी कर दी। और मशीन ठीक करने चले गए। बुग्गी पर अपने पुत्र आयुष (14) बैठा दिया। कुछ देर बाद अचानक एक व्यक्ति बोरी लेकर आया कहने लगा आपके पिताजी मशीन ठीक करने की जगह बुला रहे हैं। वह लड़का मशीन ठीक करने की जगह पहुंच गया। इसी बीच बुग्गी के पास बंधे भैंसा को अज्ञात चोर चुराकर ले गए।

# नाबालिग युवती का नहाते समय वीडियो बना किया वायरल, तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई शर्मनाक घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता की विधवा मां की शिकायत पर क्षेत्राधिकारी आंवला के आदेश से यह कार्रवाई की गई है। घटना 6 दिन पहले शाम 4 बजे की है, जब पीड़िता की मां मझगवां ब्लॉक के अस्पताल में दवा लेने गई थी।

पीड़िता की मां ने कहा है कि उस समय घर पर उनकी नाबालिग बेटी अकेली थी और स्नान कर रही थी, तभी दो युवकों ने छत से उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनकी बेटी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब लड़की ने उनकी बात नहीं मानी, तो उन्होंने वीडियो को वायरल कर दिया। पीड़िता की मां के अनुसार, आरोपी दुष्कर्म की नीयत से उनके घर में घुस आए और बेटी पर मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाया। जब बेटी ने इनकार किया, तो उन्होंने उसे बेल्ट से पीटा। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरेली की यह घटना महिला सुरक्षा और साइबर अपराध की गंभीर चुनौतियों को रेखांकित करती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बिजनौर डीएम ने किया नूरपुर खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अम्हेड़ा स्थित सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर, विकासखंड कार्यालय नूरपुर, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय धौलागढ़ नूरपुर में निमार्णाधीन ट्रांजिट हॉस्टल तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नूरपुर में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास के संचालित निर्माण कार्यों का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा नूरपुर खंड विकास कार्यालय का विस्तृत रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई और अभिलेखों का रखरखाव भी सुव्यवस्थित रूप से पाया गया तथा कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त पाई गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान की भूरी भूरी प्रशंसा की।

इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका चेयरमैन डॉ एम पी सिंह, बीडीओ दिनेश पाल शर्मा, एडीओ ।अनिल यादव, एडीओ सलीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# वन्दे भारत और शताब्दी के ठहराव के लिए सांसद अमरपाल मौर्य रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिले

वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर जंक्शन पर कई वीआईपी ट्रेन के ठहराव, निमार्णाधीन मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन को कई यात्रियों सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है।

राज्यसभा सदस्य की ओर से मांग में बताया गया कि जंक्शन पर नई दिल्ली रूट के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ठहराव कराया जाए। वाराणसी से लखनऊ जाने वाली शताब्दी के जंक्शन पर ठहराव होने से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। जंक्शन पर चल रहे आर्दश स्टेशन के निर्माण में प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए भूमिगत पथ के निर्माण की मांग की। रेलमंत्री की ओर से मांगों पर विचार कर कार्रवाई का भरोसा दिया गया है।

# श्री हनुमत इंटर कालेज एवं आरएनएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह

वेलकम इन्डिया



**चोलापुर।** श्री हनुमत इंटरमीडिएट कालेज एवं आर. एन. एस. पब्लिक स्कूल, महुआतर दानगंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। जिसमे मुख्य रूप से गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, कृष्णा डांस, योगा, कराटे, एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजगरा के लोकप्रिय विधायक श्री त्रिभुवन राम जी रहे। जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा एवं विद्यालय की उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को खूब सराहा, साथ ही विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण कराने का वादा भी किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी श्री विनीत सिंह जी उपस्थित रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया एवं विद्यालय परिवार का आभार जताया।

इस मौके पर विद्यालय के संरक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, कौशल कुमार सिंह, सच्चिदानंद चौबे, अवधूत रघुवंशी, शिवपूजन जी, विनीता मिश्रा, शिव प्रकाश चतुवेर्दी, विजय शंकर सिंह, श्यामा शंकर सिंह, अभिनव त्रिपाठी, श्याम सुंदर सिंह, मनीष सिंह, अखिलेश सिंह, शिखा पाण्डेय एवं सीताराम सहित अन्य शिक्षक गण, अभिभावक गण एवं समस्त क्षेत्रीय लोग भी उपस्थित रहे।

# भूमिगत जलाशय का भूमि पूजन जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की पहल

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 13 फरवरी 2025 को जल संकट के समाधान के लिए एक अहम कदम उठाया गया। नगर निगम और जलकल विभाग ने मिलकर 660 किलोलीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय का भूमि पूजन किया। यह समारोह सेक्टर-बी, पानी की टंकी परिसर में हुआ, जहां विधायक उत्तरी विधान सभा क्षेत्र लखनऊ डॉ. नीरज बोरा और महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, पार्षद अलीगंज पृथ्वी गुप्ता ने शिलान्यास किया। इस जलाशय के निर्माण से अलीगंज और आसपास के इलाकों की जल आपूर्ति को मजबूत किया जाएगा।

जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस परियोजना के जरिए शहरवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा और जल संकट से राहत मिलेगी। निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किया जाएगा, जिससे अलीगंज और अन्य क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने में मदद मिलेगी। महाप्रबंधक ने कहा कि जलाशय निर्माण में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। इस परियोजना की लागत करीब 4 करोड़ रुपये होगी और इसे 4 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदगण और विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में जोन-3 क्षेत्र समेत अन्य वार्डो के पार्षदगण भी उपस्थित रहे। जिसमें पार्षद राजकुमारी मौर्या, जानकीपुरम द्वितीय, पार्षद, अभिलाषा कटियार, डालीगंज-निरालानगर वार्ड, पार्षद, रश्मि सिंह, फैजुल्लागंज प्रथम वार्ड, पार्षद रंजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य, मनकामेश्वर वार्ड, पार्षद राघव राम तिवारी, लाला लाजपतराय वार्ड, पार्षद, मानसिंह यादव, भारतेन्दु हरीश्चन्द्र वार्ड, पार्षद, हरीशचन्द्र लोधी, महानगर वार्ड और पार्षद प्रतिनिधि सुनील शंखधर, विवेकानन्दपुरी वार्ड उपस्थित रहे। लोगों का कहना है कि इस जलाशय से क्षेत्र में जल संकट का समाधान होगा और जल आपूर्ति में सुधार आएगा।

# एसपी ने बाबूगढ़ थाने का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश डीएम ने किया भूमि का मूल्यांकन



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बनाकर रखने का नाम है एसपी कुंवर ज्ञानेंद्र सिंह ।आपको बता दे कि एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा जनपद हापुड़ कप्तान के रूप में चार्ज संभालने से लेकर वर्तमान स्थिति तक जिले की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त सुदृढ़ बना कर रखने को लेकर एड़ी चोटी का जोर लगाने के ड्यूटी में लापरवाही बरतने को लेकर कई पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन भेजने के साथ सस्पेंड करने तक की भी कार्यवाही की गई है। आधिकारिक सूत्रों की माने तो एसपी साहब की डिक्शनरी में किसी भी पुलिस कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं है।

जोकि समय-समय पर जनपद में थानो का औचक निरीक्षण करने के साथ लगातार संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित भी करते हैं। इसी क्रम में एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के द्वारा थाना बाबूगढ़ के वार्षिक निरीक्षण के दौरान गार्द की सलामी ली गई ।तत्पश्चात थाना कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन कर कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, मैस, मालखाना, बंदीगृह, शस्त्रागार, अभिलेखों एवं साफ-सफाई आदि को चैक किया गया। एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# हापुड़ नगर पुलिस ने मोबाइल छीनौती की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के दिशा निर्देश पर अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे। अभियान के तहत हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल छीनौती लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर किस्म के अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है ।आपको बता दें कि थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।जिसके कब्जे से 03 मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा मोबाइल फोन पर बात करते समय राहगीरों से उनके मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं कारित करना स्वीकार किया है। जिसको विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में किया पेश।

# पुलिस ने हत्या के प्रयास में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनाँक 9 फरवरी 2025 को विनोद कुमार पुत्र स्व. हरप्रसाद गुप्ता निवासी माहेश्वरी कालोनी थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी गयी कि वादी अपने पुत्र अभय वार्ष्णेय के साथ अपनी दुकान पर जा रहे थे तभी रास्ते में राजा बघेल पुत्र कुंवरपाल निवासी माहेश्वरी कालोनी ने तमंचा से फायर कर जान से मारने की नियत से वादी के बेटे पर फायर किया, जिसमें वह घायल हो गया ।जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को गंम्भीरता से लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास से सम्बन्धित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है ।जिसके आधार पर धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढोतरी की गयी।

# सीबीगंज थाना पुलिस ने ऑपरेशन खोज के तहत 24 घंटे में किया चोरी की घटना का खुलासा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह





**बरेली।** थाना सीबीगंज पुलिस द्वारा 24 घंटे में ही चोरी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को एक चाकू व चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को सीबीगंज क्षेत्र के खलीलपुर निवासी प्रेमशंकर पुत्र बेनीराम की दुकान में चोरी हो गई थी जिसको लेकर प्रेमशंकर ने थाना सीबीगंज पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखे सामान चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी थी, जिसके बाद थाना सीबीगंज पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था।

बरेली पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन खोज₹ के क्रम में थाना सीबीगंज पुलिस के प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम व उनकी टीम की महिला उप निरीक्षक छाया सागर, हेड कांस्टेबल रूपेन्द्र कुमार, कांस्टेबल जफरयाब अली ने उक्त मुकदमें में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित चोरी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर खुलासा कर अभियुक्त विशाल पुत्र श्रीचन्द निवासी खलीलपुर थाना सीबीगंज को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया, पकड़े गए अभियुक्त की निशादेही पर दुकान से चोरी किया गया सामान भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। बरामद किए गए चाकू के संबंध में आरोपी विशाल के विरूद्ध थाना सीबीगंज पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए चोरी के आरोपी विशाल द्वारा बताया गया है कि वह बेरोजगार है, इसलिए कभी कभी चोरी करके अपना खर्चा चला लेता है, चाकू के बारे में विशाल ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा के लिए उसे रखता है। 11 फरवरी की रात स्लीपर रोड पर जो एक बीडी-सिगरेट, तम्बाकू गुटखा आदि के खोखे में चोरी हुई थी, वह चोरी उसने ही की थी, जिसका सारा सामान उसने छिपाकर पानी की टंकी के पास खलीलपुर में छुपा रखा था, जिसको वह बेचना चहाता था।

# प्रेमी के साथ रह रही पत्नी पर पति ने किया कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, घायल अवस्था में रेफर

वेलकम इंडिया



**सहपऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भुकलारा में एक पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। पत्नी को गंभीर हालत में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। घटना की जानकारी के अनुसार, जीतू की शादी करीब ढाई साल पहले प्रीति से हुई थी। शादी के बाद प्रीति का पड़ोसी पंकज से प्रेम संबंध हो गए। चार महीने पहले प्रीति अपने प्रेमी पंकज के साथ भाग गई थी। करीब डेढ़ महीने पहले वह पंकज के साथ वापस गांव लौट आई और उसी के साथ रहने लगी। आज जब जीतू को मौका मिला, उसने प्रीति पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में प्रीति के गर्दन पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद जीतू मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल प्रीति को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। फरार आरोपी पति की तलाश जारी है।

# द चिल्ड्रेंस अकेडमी स्कूल महाराज सिंह नगर पुलिया नंबर नौ झाँसी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ ।जिसमें 100मीटर दौड़ में लडकों रिजवान ,आयुष ,दीपांशु तथा लड़कियों इलमा, अर्शी,दिव्यांशी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।बैक रेस में लड़को ह्ररदयांश ,जैनुल ,सुल्तान ने ,मेंढक दौड़ में रिजवान , आयुष ,अल्फैज ने एवं लेमन रेस में सानिया ,मायरा निजाम एवं निदा ने , ग्लास फि ल रेस में अदीवा , सिदरा,काव्या , कलैक्ट द बौल में माहिर, उबैद ,अरसलान रजा एवं लड़कियों में मायरा खान, मायरा परवीन,नायरा मंजूरी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

रिले रेस में रिषभ व दिव्यांशी, फाज़िल व इलमा , मोहसिन व सानिया की जोड़ी ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया प्ले सेंटर व नर्सरी के बच्चों ने बोलिंग गेम , बकेट बॉल गेम में अवान ,अरिशफा ,अरसलान व रेयान्श ने जीत हासिल की ।म्यूज़िकल बॉल , डांसिंग चेयर ,हरडल रेस में दिव्यांशी , देव एवं रिजवान विजय रहे। समारोह के अतिथि डॉक्टर तनवीर अहमद ,वहीद खान ,प्रमोद चोपड़ा, मुहम्मद सलीम, हमीद खान,मोहम्मद कामरान ,इरम सलीम, अर्चना चोपड़ा, मंजू सिंह, गीतू सभानी ने समारोह की गरिमा बढ़ायी और बच्चों को पुरस्कृत किया । निर्णायक टेबल का संचालन मुहम्मद कामरान अंसारी ने किया ।स्कूल स्टाफ गजाला परवीन , हिमानी शाक्या , अंजली शाक्या, अलीशा बानो ,प्रिया ,जेबा , शाज़िया अली , कामिनी शाक्या, लक्की ने अपना योगदान दे कर कार्यक्रम को सफल बनाया ।अंत में स्कूल डायरेक्टर मोहम्मद अतीक अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने शबे बरात के मद्देनजर सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को शबे बारात के मौके पर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए।

पालिका प्रशासन द्वारा शबे बरात के मौके पर स्थानीय ईदगाह और मस्जिदों के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफाई कर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए थे ।जिसके अनुपालन में कर्मियों द्वारा अपने कार्य को बखूबी अंजाम देने का प्रयास किया गया।

पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने बृहस्पतिवार को ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया ।जहां कहीं कुछ मामूली कमी नजर आयी उन्होंने उसे तत्काल दूर करने के लिए सफाई कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। ताकि नमाजियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इस अवसर पर सभासद मुल्ला मुशर्रफ आदि मौजूद रहे।

# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जाएगा: मुनेंद्र त्यागी

वेलकम इंडिया



**मेरठ,किठौर।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार शाहिद अली पर हुए हमले के मामले में गुरुवार को प्रदेश महामंत्री मुनेंद्र त्यागी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्राधिकारी किठौर प्रमोद कुमार सिंह से मिला। प्रदेश महामंत्री मुनेंद्र त्यागी ने क्षेत्राधिकारी किठौर को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और बताया की पिछले दिनों पत्रकार के घर में घुसकर हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया था। जिसमें पत्रकार को गंभीर चोट आई थी। जिसका मुकदमा थाना किठौर पुलिस ने पंजीकृत किया था ।लेकिन पुलिस ने आज तक हमलावर गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपित खुले घूम रहे हैं। इतना ही नहीं अब हमलावर पत्रकार के खिलाफ एसएसपी मेरठ को एक प्रार्थना पत्र देकर जवाबी कार्यवाही में रिपोर्ट दर्ज कराना चाह रहे हैं। लेकिन इस संबंध में क्षेत्राधिकारी किठौर प्रमोद कुमार सिंह ने तुरंत इंस्पेक्टर किठौर को फोन कर सख्त कार्यवाही करने तथा आरोपितो को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये।

उसके बाद पत्रकारों ने क्षेत्राधिकारी से कहा कि यदि पत्रकार के मामले में कोई भी ढील बरती गई तो एसएसपी मेरठ का घेराव करते हुए धरना देने पर मजबूर हो जाएंगे। तत्पश्चात किठौर में पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पत्रकार पर हुए हमले के बारे में विचार विमर्श किया गया और कहा गया कि यदि पत्रकार के मामले में अनदेखी की गई तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी मेरठ कार्यालय पर धरना देने पर मजबूर हो जाएंगे। क्षेत्राधिकारी से मिलने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जाकिर तुर्क, मवाना तहसील अध्यक्ष रजनीश विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष, मुंतियाज अली, प्रदेश सचिव उस्मान अली, मोबिन सलमानी बहसूमा, कार्यकारिणी सदस्य जाहिद अली, आदिल, प्रिंस रस्तोगी, शाकिर फरीदी, आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# बालिका विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदर लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्या सुनीता गोगना के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन, चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धौलपुर दामोदर लाल मीणा ने कहा कि बालिका विद्यालय धौलपुर राजस्थान में सिरमौर रहा है। निश्चित रूप से विद्यालय की बालिकाओं ने जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बालिकाओं से हाथ उठाकर शपथ दिलाई कि बोर्ड परीक्षा परिणाम हेतु लगन के साथ मेहनत करेंगे और अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाएंगे। प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा एवं उप प्राचार्य बिंदु रानी,

व्याख्याता भगवान सिंह मीना ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदर लाल मीणा का सम्मान किया। कार्यक्रम में 11वी के विद्यार्थियों ने 12वी को भावभीनी विदाई दी। प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा एवं उप प्राचार्य बिंदु रानी ने छात्राओं को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि तनावमुक्त होकर, मेहनत और लगन से पढ़ाई करें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी।

समारोह में कुछ विद्यार्थियों ने कविता एवं विदाई गीत प्रस्तुत किए, जिससे माहौल भावुक हो गया। इस अवसर पर उपमा शर्मा, सतीश कुमार मीणा, प्रियंका जिंदल, प्रीति कुमारी,सुनीता कुमारी,बेबी आसमा, प्रवीण कुमार फौजदार,सतीश कुमार मीणा, मनोज कुमार, अनुपम पाराशर,शैलेंद्र दीक्षित,वीर सिंह टांक,बृजेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह,आशु शर्मा, गरिमा गर्ग,देवयानी शर्मा, अलका परमार,मिथलेश धाकरे, सुचेता शर्मा, ममता दीक्षित,शालिनी श्रीवास्तव,खुशबू सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

# दीवान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में सीटीईटी उत्तीर्ण एवं मेधावी छात्रों का क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ द्वारा प्रोत्साहन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



मेरठ दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मेरठ में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ मोनिका सिंह द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीवान ग्रुप के चेयरमैन विवेक दीवान, मुख्य अतिथि प्रोफेसर मोनिका सिंह, कार्यकारी निदेशक कर्नल डॉ नरेश गोयल, संस्थान की सलाहकार डॉ श्रुति अरोड़ा, दीवान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्राचार्य डॉक्टर मुनेंद्र, बी टेक डायरेक्टर डॉ शिल्पी बंसल, एम बी ए डायरेक्टर डॉ विंकी शर्मा, डायरेक्टर होटल मैनेजमेंट डॉ साहिल, व डॉ शेखर पुंडीर के द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ किया गया।

मेधावी छात्रों को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. मोनिका सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ह्लसफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठोर परिश्रम, निरंतर प्रयास और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं।ह्र उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने और तकनीकी युग में डिजिटल माध्यमों का सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ह्लआज का युवा यदि अपनी शिक्षा को केवल परीक्षा तक सीमित न रखकर व्यावहारिक ज्ञान और नवाचार पर ध्यान देगा, तो वह समाज और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।ह्रप्रो. मोनिका सिंह ने विशेष रूप से उळएळ परीक्षा के लिए संस्थान द्वारा संचालित निशुल्क विशेष कक्षाओं की सराहना की और संस्थान को विशेष मेहनत एवं समर्पण के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि ह्लसंस्थान द्वारा छात्रों की सफलता के लिए जो विशेष कक्षाएं संचालित की गईं, वे न केवल छात्रों के मार्गदर्शन में सहायक रहीं बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहीं।

ह्र उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के सफल संचालन में पुष्पेंद्र कुमार, ज्योति पुंडीर, डॉ. सुजा जॉर्ज स्टेनली, मनोज कुमार, डॉ. राहुल गुप्ता, धरमवीर सिंह, मीनू सचदेवा, ऋचा एवं राजीव कुमार का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करने एवं उन्हें उच्च उपलब्धियों के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

# जम्मू में बिछड़ा था छोटन, 22 साल बाद जब परिवार से मिला तो मां को देख फफक फफक कर रो पड़ा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** छोटन जम्मू-कश्मीर में जब अपने परिवार से बिछड़े थे तब उनकी उम्र सिर्फ नौ साल थी। किस्मत ने उन्हें पूरे 22 साल बाद अपने परिवार से जब दोबारा मिलाया तब उसका निकाह भी हो गया था और उसके चार बच्चे भी हैं, बुधवार शाम छोटन अपने पैतृक घर पहुंचे तो उन्हें और उनके पिता को मुबारकबाद देने वालों की भीड़ इकट्ठी हो गई। छोटन बरेली के कस्बा नवावगंज के मोहल्ला इस्लामनगर बस्ती के रहने वाले हैं, उनके पिता समीर अहमद ईंट भट्ठों पर मजदूरी करते हैं। करीब 22 साल पहले मई 2003 में वह परिवार के साथ मजदूरी करने जम्मू कश्मीर गए थे। समीर के अनुसार वह 26 मई को जम्मू पहुंचे, वहां कश्मीर जाने वाली बस में बैठते समय नौ वर्षीय बेटा छोटन वहीं रह गया। बस चलने के बाद उन्हें इसका पता चला तो उनके होश उड़ गए। बस छोड़कर पूरा परिवार उसकी तलाश में जुटा लेकिन उसका पता नहीं लगा। थक हार कर वह चुपचाप बैठ गए। पूरे 22 साल बाद जयपुर में बाप-बेटे को किस्मत ने दोबारा मिला दिया। छोटन के अनुसार परिवार से बिछड़ने के बाद वह बस अड्डे के पास भटक रहे थे, वहीं से जम्मू से लौट रहे पूरनपुर (पीलीभीत) निवासी राज मिस्त्री चांद मियां उन्हें अपने साथ ले आए। उनका पालन-पोषण करने के साथ जवान होने पर कारचोबी का काम सिखाकर उनका निकाह भी करा दिया। इसके बाद छोटन पत्नी को लेकर चांद मियां के बहनोई के साथ काम करने जयपुर चले गए, जहां उनके चार बच्चे भी हो गए। जयपुर में नवाबगंज के कई और परिवार मजदूरी करते है जिनका ताल्लुक छोटन के पिता समीर अहमद से भी था। छोटन ने किसी दिन उन्हें आपबीती सुनाई तो उन्होंने इस बारे में समीर को बताया। समीर अपनी पत्नी विसेन के साथ जयपुर पहुंचे और छोटन अपनी मां को पहचानकर उनके गले लग कर फफक फफक कर रोने लगे। बुधवार शाम छोटन उनके साथ घर लौटे तो उन्हें देखने भीड़ जुट गई। छोटन की पत्नी बच्चों के साथ अपने मायके चली गई। समीर ने बताया कि वे अब उसे बाकायदा विदा कराकर घर लाएंगे।

## वन आरक्षियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** दो दिन के चार-चार घंटे के कार्य बहिष्कार के बाद आखिरकार वन आरक्षियों नेअपनी मांगे नही माने जाने के बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय के समीप वन आरक्षियों ने एकत्रित होकर सभा की।सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता वह चुप नहीं बैठेंगे। सरकार की हटधर्मिता को तोड़ने के लिए मजबूरन वन आरक्षी संगठन कार्य बहिष्कार करने को मजबूर है।उन्होंने सरकार द्वारा मांगे नही माने जाने तक अपना आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। नारेबाजी के साथ अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि वह दो सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलित हैं। दो दिन तक उन्होंने चा-चार घंटे का कार्य बहिष्कार किया, लेकिन इसके बाजवूद सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है।इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने गुरुवार से अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया है। आंदोलित कर्मचारी धरने पर बैठ कर कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं। उनकी हड़ताल से अब काम भी प्रभावित होने लगा है।वही हड़ताल पर जाने से वनाग्नि जैसी घटनाएं होने पर जंगलों में लग रही को नियंत्रित करने में वन विभाग को परेशानी उठानी पड़ सकती है।इस मौके पर चंदन राम, इंद्र सिंह भंडारी, मनोज कुमार, प्रवीण सिंह, चंदन सिंह, अजय कुमार, कविता, सुधीर कुमार, दीवान सिंह आदि लोग मौजूद है।

# रिंग सेरेमनी से घर लौट रहे परिवार के साथ मारपीट और लूट

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** रिंग सेरेमनी करके अपने घर लौट रहे परिवार के साथ लूट हो गई। बदमाशों ने उनकी गाड़ियों को सुनसान इलाके में रुकवाया और फिर परिवार के सभी लोगों के साथ मारपीट और लूटपाट की। परिवार के पास जो भी सोने चांदी के आभूषण थे बदमाशों ने असलहों के बल पर लूट लिए। बरेली के हाफिजगंज निवासी हरीराम ने बताया है कि 10 फरवरी को उनके बेटे राहुल की रिंग सेरेमनी थी। वे अपने परिवार के साथ बेटे की गोद भराई के लिए 3 गाड़ियों से भोजीपुरा के गांव जल्लालाबपुर गए थे। जिन गाड़ियों से वे गए थे उनके ड्राइवर शराब पिए हुए थे, और गाली गलौज करते हुए जा रहे थे।

हरीराम ने आगे कहा है कि लौटते वक्त गाड़ी के ड्राइवरों ने फोन करके अपने और साथियों को बुला लिया। गाड़िया जैसे ही कमुआ मोड़ पर पहुंची तो वहां पहले से ही घात लगाए बैठे 20-25 बदमाशों ने गाड़ियों को रोकने का इशारा किया। तभी ड्राइवरों ने तीनों गाड़ियों को रोक दिया। परिवार के लोगों ने गाड़ियों को रोकने को मना किया तो ड्राइवर गाली गलौज और मारपीट करने लगे। इसी बीच घात लगाए सभी बदमाश गाड़ियों के पास आ गए और सबके साथ मारपीट करने लगे। गाड़ियों में बैठी महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई और जितना भी जेवर था वो सब लूट लिया। उन्होंने बताया है कि बदमाशों ने सोने की अंगूठी, गले का हार, चैन और 20 हजार रुपए लूट लिए। वही जब उन्होंने थाने में इसकी शिकायत की तो वहां पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित परिवार गुरुवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। उन्होंने एसएसपी ऑफिस में लिखित शिकायत की है। परिवार का कहना है कि स्थानीय पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## विदेश में नौकरी लगवाने और घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर 18 लाख की ठगी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने विदेश में नौकरी लगवाने और घर बैठे पैसे कमाने के नाम पर युवती समेत दो लोगों से 18 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों द्वारा लगातार पैसों की मांग जारी रहने पर पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद साइबर थाने में शिकायत दी गई। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में केस दर्ज कर जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। वैशाली सेक्टर-पांच के ग्रीन स्ट्रीट इलाके में रहने वाले अनिल कुमार दास का कहना है कि उन्होंने टाइम्स जॉब नाम के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया था। पंजीकरण के बाद उनके पास अमित शुक्ला नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने बताया कि वह साढ़े छह हजार रुपये शुल्क वाली प्रीमियम जॉब सहायता सेवा का पात्र बताया। इसके अलावा उसने दावा किया कि अगर एक साल के भीतर उनकी नौकरी नहीं लगती है तो उनका पूरा पैसा वापस कर दिया जाएगा। अनिल कुमार दास के मुताबिक उन्होंने भरोसा करते हुए शुल्क अदा कर दिया। इसके बाद कई साक्षात्कारों के लिए उनसे संपर्क किया गया। एक साक्षात्कार पेरिस की एक कंपनी में महाप्रबंधक के पद का था। रिलेशनशिप मैनेजर हर्ष त्यागी ने पैरिस की कैपजेमिनी कंपनी के अजय कपूर, अभिषेक मजूमदार और कैलाश खरे के साथ उनका साक्षात्कार कराया। बाद में उन्हें बताया गया कि उनका चयन कर लिया गया है। अनिल कुमार दास का कहना है कि कुछ दिन बाद उन्हें एक मेल मिला। उसमें बताया गया कि हर्ष त्ययागी का एक्सीडेंट होने के कारण अब अरूण सिन्हा को उनका रिलेशनशिप मैनेजर बनाया गया है। उसने आवास और अन्य सुविधाओं की व्यवस्थाओं, वेरिफिकेशन और अन्य बहानों से उनसे धीरे-धीरे करके 6.55 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद भी पैसों की मांग जारी रहने पर उन्हें शक हुआ और ठगी के संबंध में साइबर थाने में शिकायत दी। मोदीनगर की तिबड़ा रोड बाग कॉलोनी निवासी सिमरन चौधरी का कहना है कि उनके पास टेलीग्राम से एक मैसेज आया। उसमें घर बैठे ऑनलाइन कार्य करके अच्छी खासी रकम कमाने के बारे में बताया गया था। आरोपियों ने उन्हें टेलीग्राम से टास्क पूरे करके पैसे कमाने के टिप्स दिए। इसके बाद राधाकिशन सोमनाथ गोर्डे ने उनसे संपर्क किया और एक वेबसाइट पर उनका खाता खुलवाया और बिटक्वाइन खरीदने की प्रक्रिया समझाई। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे अन्य ग्रुपों से जोड़ा गया।

## फर्जी दस्तावेज पर कोर्ट से ली जमानत, जांच में हुआ खुलासा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** फर्जी पत्रों के चलते जमानत कराने के केसों में लगातार वृद्धि हो रही है ऐसे ही एक मामला एक बार फिर नजर आया जब पुलिस और तहसील के वेरिफिकेशन में जमानत में लगाए गए पर पत्र फर्जी पाए गए आनन फानन में ही आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। इस संबंध में एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 2015 में सिहानी गेट थाने में रवि कुमार जैन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया था मामले में 2006 में रवि की जमानत के लिए दो लोग जमानती पेश किए गए जिसमें मुरादनगर के खेमावती निवासी सतवीर और मेरठ के मेडिकल थाना क्षेत्र के कमलापुरी निवासी रमेश की तरफ से जमानत दाखिल की गई। रमेश ने जमानत के लिए अपने गांव की जमीन की खतौनी लगाई थी। तहसील की जांच में पाया गया कि खसरा नंबर 830 की खतौनी रमेश के गांव की है ही नहीं यह जांच मेरठ के राजस्व निरीक्षक ने कोर्ट में अपनी रिपोर्ट द्वारा भेजी थी। इसके बाद गाजियाबाद कोर्ट परिसर स्थित एसीजेएम कोड नंबर 3 के लिपिक राहुल की शिकायत पर थाना कवि नगर में रवि कुमार जैन और दो अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस के मुताबिक पहले भी इस तरह के कई मामले आ चुके हैं जहां फर्जी काग्रत के सहारे जमानत एवं अन्य कार्यों को कराया गया है ऐसे सभी मामलों में पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच के उपरांत कड़ी कानूनी कार्रवाई की है और यह सिलसिला आगे भी इसी तरह जारी रहेगी पुलिस के मुताबिक फजीर्वाड़े के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में दौड़ते वक्त तीन अभ्यर्थियों के पैर की टूटी हड्डी

**गाजियाबाद।** पुलिस भर्ती परीक्षा में गुरुवार को दौड़ते वक्त तीन अभ्यर्थियों के पैर की हड्डी टूट गई, जबकि एक युवक बेहोश होकर गिर गया। चारों का संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल में इलाज कराया गया। अभ्यर्थियों का आरोप है कि समतल की जगह ऊबड़–खाबड़ मैदान में दौड़ कराई जा रही है। गोविंदपुरम स्थित 47वीं वाहिनी पीएसी के मैदान में पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है। गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे अभ्यर्थियों की दौड़ शुरू हुई।

# गत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में रही कमियों को दूर करें : नगरायुक्त

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण निगम की प्राथमिकता है युद्ध स्तर पर इसकी तैयारी करें और गत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में जो कमियां रह गयी थी उन्हें दूर करें। अधिक से अधिक घरों से कूड़ा कलेक्शन करते हुए शहर तथा शहर के नालों-नालियों को साफ रखें। कहीं कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नगरायुक्त संजय चौहान स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी एवं शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सफाई निरीक्षकों से सभी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की सफाई सुनिश्चित रखने के साथ साथ पैट्रोल पम्पों पर भी शौचालयों की सफाई पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि बार बार पैट्रोल पम्पों के शौचालयों का निरीक्षण करें और संचालकों को यह समझा दें कि यदि वे उनकी सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं तो उनके विभाग को लिखकर उनके खिलाफ कार्रवाई करायी जायेगी।

उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी व सफाई निरीक्षकों से कहा कि वार्डो में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्वित करायें यदि किसी वार्ड में 10 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित है तो माना जाना चाहिए कि कहीं न कहीं गड़बड़ हैं। उन्होंने डिवाइडरों के किनारे साफ रखने, रोस्टर बनाकर स्वीपिंग मशीन चलाने, कच्ची पटरी वाली सड़कों पर छिड़काव कराने, समय से कूडे. का उठान कराने, एमआरएफ सेंटरों को क्रियाशील रखने, घरों से निकलने वाले फिकल स्लज को एसटीपी तक पहुंचाने, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के दायरे में सभी घरों को लाने तथा आईटीसी द्वारा स्वच्छता के लिए किये जा रहे काम की मॉनीटरिंग करने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत अनेक मशीने खरीदी गयी है उनका उपयोग करते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का काम अब स्वास्थ्य विभाग का है।

बैठक में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रवीण शाह, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व परमानंद सहित सभी सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।

## रोड एक्सिडेंट में एमबीबीएस छात्र की मौत

**गाजियाबाद।** संतोष मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे दो छात्र देर रात सड़क हादसे के शिकार हो गए। इनमें से एक प्रयागराज निवासी युवक की मौत हो गई जबकि सिद्धार्थनर जिले के दूसरे छात्र की हालत गंभीर है। बुधवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे ये हादसा हुआ। प्रताप विहार से दिल्ली की तरफ जा रही एक कार वृंदावन ग्रीन यू टर्न के पास डिवाइडर से टकरा गई। कार में गाजियाबाद स्थित संतोष मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे दो छात्र प्रयागराज निवासी अभिषेक सोमवंशी और सिद्धार्थनगर निवासी अवतांश पांडे सवार थे। हादसा इतना भयंकर था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त गई।

# सीएम ग्रिड का कार्य सुरक्षा मानकों के साथ तेजी से पूरा करें: नगरायुक्त

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सीएम ग्रिड के अंतर्गत निमार्णाधीन सड़क व शहर की सफाई व्यवस्था सहित अनेक परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएम ग्रिड के अंतर्गत कलक्ट्रेट तिराहे से आईएमए भवन होते हुए दीवानी तिराहे तक निमार्णाधीन सड़क परियोजना में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य को गति और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने मानकमऊ में पिंक व सामुदायिक शौचालयों के निरीक्षण के दौरान डियूटी से नदारद पाये गए कर्मचारियों का वेतन काटने के भी आदेश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज सुबह निगम अधिकारियों के साथ महानगर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अम्बाला रोड पर पर्याप्त सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ठीक प्रकार से सफाई कराने तथा स्वीपिंग मशीन से डिवाइडरों के किनारों की मिट्टी साफ कराने के निर्देश दिए। वार्ड 12 खलासी लाइन-शारदानगर में भी साफ सफाई तथा नालों की सफाई कराने तथा सभी दुकानों एवं रेहड़ियों पर डस्टबिन रखवाने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए। नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को जगह-जगह खड़ी रेहड़ियों के कारण होने वाला अतिक्रमण हटवाने के भी आदेश दिए। इसके बाद नगरायुक्त ने वार्ड 31 मानकमऊ दक्षिणी में पिंक शौचालय तथा सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों शौचालयों पर कर्मचारी नदारद पाये गए, जिस पर उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दोनों कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। वार्ड 9 में नवादा रोड स्थित नगर निगम द्वारा संचालित नंदीशाला का निरीक्षण किया और उसके विस्तार का सुझाव दिया। उन्होंने ईटीपी प्लांट शीघ्र लगाने तथा उससे पूर्व चैम्बर बनवाने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने गोबर पेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए अनेक आवश्यक निर्देश और सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव, स्मार्ट सिटी के डीजीएम टेक्नीकल दिनेश सिंघल, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रवीण शाह, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, जेडएसओ राजीव चौधरी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह व सफाई निरीक्षक सुधाकर आदि शामिल रहे।

# निशुल्क योग प्रशिक्षण केंद्र के रूप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का हुआ चयन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान(लखनऊ) के द्वारा त्रैमासिक निशुल्क योग प्रशिक्षण केंद्र के रूप में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल का चयन हुआ है ।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान( लखनऊ) के द्वारा सम्मानीय निदेशक विनय श्रीवास्तव तथा जितेंद्र कुमार (आई.ए.एस अपर मुख्य सचिव भाषा विभाग) के कुशल निर्देशन में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में 66 योग केंद्रो का उद्घाटन किया गया। जिन केंद्रो में लगभग 2100 छात्र योग प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।उसी क्रम में गाजियाबाद जिले में स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल निवाड़ी (मोदीनगर) में स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु की देखरेख में योग प्रशिक्षक गीतक सिंधु के द्वारा योग केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस योग केंद्र के विषय में स्कूल प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिंधु ने बताते हुए कहा कि योगा हमारे जीवन का आधार है। योगा के माध्यम से ही हम अपना शारीरिक व मानसिक विकास कर सकते हैं तथा आज के व्यस्त जीवन में योगा के माध्यम से ही बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास होता है। अतः योगा के माध्यम से ही हम अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं तथा योग करने से सभी स्वस्थ रहते हुए जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन तुषार गुप्ता, डॉ शिखा दरबारी व स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने योग प्रशिक्षक व छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस-फॉरेंसिक अगोरा में टीएमयू के ईशान जैन का पोस्टर पुरस्कृत

वेलकम इंडिया



**बियोंड द एविडेंस:** रिफ्लेक्टिंग ऑन फॉरेंसिक इन्नोवेशन्स टू शेप द फ्यूचर ऑफ क्रिमिनल जस्टिस पर गलगोटियास यूनिवर्सिटी, नोएडा में आयोजित दो दिनी 3वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस- फॉरेंसिक अगोरा में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एमएससी फॉरेंसिक साइंस के स्टुडेंट ईशान जैन ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। गलगोटियास यूनिवर्सिटी और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के संयुक्त रुप से हुई अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नवाचारों और उनकी न्याय प्रणाली में भूमिका के बारे में विस्तार से मंथन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन फॉरेंसिक अगोरा में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शोधकताओं, प्रोफेसर्स और छात्रों ने प्रतिभाग किया। साथ ही आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों, डिजिटल फॉरेंसिक्स, डीएनए विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका पर अपने-अपने रिसर्च पेपर्स प्रस्तुति के संग-संग अनुभव भी साझा किए। नोएडा से वापसी पर टीएमयू के स्टुडेंट ईशान जैन ने कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्राचार्य ने अपने छात्र ईशान जैन को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। कॉन्फ्रेंस में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में हो रहे अत्याधुनिक नवाचारों को बढ़ावा देना, कानून प्रवर्तन और न्याय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

फॉरेंसिक विशेषज्ञों और छात्रों ने अपराध जांच में फॉरेंसिक साइंस के उन्नत तरीकों, साइबर फॉरेंसिक्स, बायोमेट्रिक्स, और फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहनता से विचार-विमर्श भी किया। टीएमयू के 59 प्रतिभागियों ने कॉन्फ्रेंस की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# मुख्य मार्ग को सही कराने के आश्वासन पर धरना समाप्त



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** ग्राम अबूपुर में निर्वाण फाउंडेशन के तत्वावधान में मुख्य मार्ग को सही कराने के लिए चल रहे धरने को आश्वासन पर धरना को समाप्त किया गया हैं ।सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद ने कहा कि आज चोदहवां दिन धरना होने पर शासन प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग को सही कराने के लिए टेंडर जारी कर स्थल पर कार्य शुरू क्या गया, जिससे आस्वस्त होकर अबूपुर के पीड़ित ग्रामवासीयों द्वारा धरना धारियों का धन्यवाद करते हुए, सभी की सहमति से मांग पुरी होने पर निर्वाण फाउंडेशन के सभी कार्यकर्ताओ व सहयोगियों के साथ मिलकर संस्थापक ईश्वर चंद्र व समाज सेवी हरेंद्र शर्मा द्वारा एक प्रेस वार्ता कर धरना चौदहवें दिन समापन किया गया। इस मौके पर अमित अग्रवाल नवरसन गुरु जी, राजीव शर्मा, नितिन चौधरी, प्रमिला, अलका, उज्वल, विलियम, विनय गर्ग जोली, नितिन शर्मा, अंकित शर्मा, आदि गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोग परेशान

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के अभयखंड में फिर से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि निगम के तमाम दावों के बाद भी रोजाना अलग–अलग जगहों पर समस्या पैदा हो रही है। इससे लोग काफी परेशान हैं। अभयखंड में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोग करीब दो माह से जूझ रहे हैं। सफाई के बाद एक या दो दिन राहत मिलती है। मगर स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय निवासी भुवन ने बताया कि घरों के बाहर सीवर का गंदा पानी भरा हुआ है। बदबू के चलते सांस लेना दूभर हो रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। वहीं बच्चे आए दिन गंदे पानी में गिरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो या तीन मैनहोल छोड़ दें तो सभी मैनहोल से पानी ओवरफ्लो हो रहा है। इस कारण इलाके में गंदगी बढ़ रही है। बीमारी फैलने की भी आशंका है। जलकल विभाग के अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर का कहना है कि शिकायत मिली है। टीम भेजकर जल्दी सीवर लाइन की सफाई कराई जाएगी।

## बाइक सवार बदमाशों का आंतक, दो युवकों से छीना मोबाइल

**गाजियाबाद।** बाइक सवार बदमाशों ने अलग–अलग स्थानों पर दो युवकों से फोन छीन लिया। पहली घटना 10 फरवरी की आधी रात को शालीमार गार्डन और दूसरी 11 फरवरी की रात इंदिरापुरम थानाक्षेत्र की है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस छानबीन कर रही है। गरिमा गार्डन में रहने वाले आसिफ सैफी रात में ऑफिस से घर लौट रहे थे। शालीमार गार्डन टंकी वाले रोड पर बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और उनका फोन छीन लिया। पीड़ित कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बदमाश फरार हो गए। दोनों सफेद रंग की अपाचे बाइक से आए थे। उधर रंजीत कुमार से 11 फरवरी की रात इंदिरापुरम में कनावनी गेट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन लिया। पेशे से चालक रंजीत ने बताया कि वह मालिक की कार खड़ी कर ऑटो से घर लौट रहे थे। इसी समय वारदात हुई। उन्होंने ऑटो से पीछा करने का भी प्रयास किया, लेकिन बदमाश फरार हो गए। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि केस दर्ज कर घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। पहचान कर बदमाशों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## युवक ने तथाकथित भाजपा नेत्री पर लगाया लाखों की ठगी का आरोप

**गाजियाबाद।** थाना नंदग्राम क्षेत्र के युवक ने क्षेत्र में ही रहने वाली एक भाजपा नेत्री पर बेहद सनसनी कैसे आरोप लगाया युवक का कहना है कि एक मुकदमे में लाभ पहुंचाने और मदद करने के नाम पर उसके साथ चार लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित युवक ने पुलिस से गुहार लगाई है जहां पुलिस के उच्च अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इस संबंध में रियाजुद्दीन पुत्र अलीम निवासी नूर नगर सिहानी ने बताया कि वह सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है इस दौरान उसकी पहचान एक तथाकथित भाजपा नेत्री जिसने कहा कि जेल में लकी अंसारी पास्को और बलात्कार के प्रयास में बंद है उसकी मदद कर दी जाएगी ताकि उसकी जमानत हो जाए और लड़की पक्ष को पैसे देकर सेट कर दिया जाएगा। यह सौदा चार लाख में तय हुआ 3 लाख नकद तथाकथित भाजपा नेत्री के पति को दिए गए जबकि एक लाख पीड़िता की मां के अकाउंट में डाले गए पीड़िता की मां का कहना है कि वह पैसे भी तथाकथित भाजपा नेत्री ने निकलवा कर ले लिए। पीड़ित का आरोप है कि तथाकथित महिला अपने आप को एमपी और एमएलए के रिश्तेदारी में बताती है और कहती है कि पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मोदीनगर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं एप्टीट्यूड टेस्ट (योग्यता परीक्षण)का आयोजन किया गया ।विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी विद्यालय में, इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कराते रहते हैं ।कक्षा प्री- नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

छोटे- छोटे बच्चों की, विभिन्न प्रकार की वेश-भूषा ,सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। अभिभावकों की करतल ध्वनि से ,विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो उठा। निर्णायक का कार्यभार श्रीमती सुमन शर्मा एवं श्रीमती भगवती जोशी ने संभाला। कक्षा फर्स्ट बी की वैष्णवी भारद्वाज ने प्रथम स्थान, कक्षा फर्स्ट ए के देव ने द्वितीय स्थान तथा सेकंड बी की अक्षिता मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। योग्यता परीक्षण में अन्य विद्यालयों ने भी भाग लिया। इस टेस्ट में कक्षा तीसरी से लेकर पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा पांचवी सी से अश्मित एवं आरुष ने प्रथम स्थान, कक्षा पांचवी सी से आराध्या ने द्वितीय स्थान ,कक्षा पांचवी ए से कनिका गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कक्षा दसवीं में 90% से अधिक प्राप्त करने पर प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी द्वारा वंशिका चौधरी , इशिका गर्ग , अभय , अनन्या जिंदल, युक्ति बंसल नित्या अग्रवाल ,युवरा व तान्या को छात्रवृत्ति के रूप में रुपए 5000 के चेक प्रदान किए गए।विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने, सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई प्रेषित की। गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने, सभी छोटे -छोटे बच्चों की प्रशंसा करते हुए, उनको देश का भावी कर्णधार कहते हुए, सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया।

# राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में काव्या त्यागी ने जीता गोल्ड

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** कस्बा निवाड़ी निवासी दस वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा काव्या त्यागी ने टीएसके राष्ट्रीय कराटे चैपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा के परिवार वालों को बधाई मिल रही है। कस्बा निवाड़ी निवासी श्यामसुंदर त्यागी की दस वर्षीय पुत्री कक्षा पांच की छात्र है। नोएडा स्टेडियम में आयोजित टीएसके राष्ट्रीय कराटे चैपियनशिप में काव्या त्यागी ने सब जूनियर वर्ग में भाग लिया। चैपियनशिप में देशभर से एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। काव्या त्यागी ने सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतने पर मोदीनगर विधायक डॉ.मंजू शिवाच,मोदीनगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली,पूर्व विधायक सुदेश शर्मा,नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी,पतला की अध्यक्षा रीता चौधरी,पूर्व अध्यक्ष अनिल त्यागी ,प्रदीप ठेकेदार सहित अन्य गणमान्यों लोगों ने काव्या त्यागी व उनके परिवार को बधाई दी है।

# पशुआहार खाने से दर्जन भर मवेशियों की मौत

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** अयोध्या जनपद के थाना खण्डासा अंतर्गत गड़ौली गांव के कई पशुपालकों के भैंस व गायों की अचानक तबीयत खराब होने लगी। मवेशी चारा पानी छोड़ दिए थे। पशुपालक जब तक कुछ समझ पाते तब तक एक के बाद एक करके दर्जनों मवेशियों की मौत हो जाती है। कई पशुपालक स्थानीय पशु डॉक्टरों को बुलाकर इलाज कराते रहे मगर कोई फायदा नहीं हुआ। एक के बाद एक भैंस, पड़वा, पड़िया, गाय आदि की मौतें होने लगी। जिससे स्थानीय लोगों तथा पशुपालकों में हड़कंप मच गया। पशुपालकों ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस तथा पशुचिकित्सा अधिकारी को दी। वही दर्जन भर मवेशियों की मौत के बाद भी पशु पालन विभाग नींद से नहीं जागा। पशुपालकों ने बताया कि इसकी शिकायत पशु चिकित्सा अधिकारी से की गई थी। यदि समय रहते चिकित्साधिकारी यदि ध्यान देते तो इस तरह कीमती जानवरों के मौतें नहीं होती। गांव निवासी अमर बहादुर यादव ने बताया कि 23 जनवरी को उनके जानवरों की हालत खराब होती दिखी और देखते ही देखते तीन भैंस व तीन पड़वा की एक साथ मौत हो गई। पड़ोस में साहबदीन कोरी की एक भैंस व एक पड़वा की बीमार होने के बाद मौत हो गई। गांव के ही राजेश यादव की दो भैंस व दो पड़िया की मौत हो गई। वहीं जोखू मिश्रा सूबेदार पुरवा निवासी की एक भैंस एक पड़वा तथा दुर्गा प्रसाद पांडे की एक गाय की मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि नीरज पाठक की भैंस की हालत गंभीर बनी है। इसी तरह दर्जन भर पशुओं की मौत होने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। सूचना मिलती ही पत्रकारों की टीम जब गांव पहुंची तब कई पशुपालकों ने बताया सभी ने ज्ञान धारा नामक पशु आहार को पशुओं को खिलाया था। इसके बाद से उनके पशुओं की मौत हो जा रही है। इसकी सूचना जब उन्होंने ज्ञान धारा विक्रेता से की तो उन्होंने पशु को पशु आहार खिलाने से मना कर दिया। लेकिन तब तक कई पशुओं की मौत हो चुकी थी।

# कंस बध प्रसंग,सुदामा चरित्र सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

वेलकम इंडिया



**अयोध्या।** मिल्कीपुर के ग्राम सभा जमुवा पूरे शिवदीन तिवारी में आयोजित श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवे दिन श्री मद भागवत कथा का रसपान करने के लिए भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा ।मिल्कीपुर क्षेत्र के जमुवा में पधारे अयोध्या के कथा ब्यास सुप्रसिद्ध पंडित रोहित मिश्र ने भागवत कथा के सातवे दिन कई प्रसंग के द्वारा जैसे उषा चरित्र,नृग चरित्र,वासुदेव नारद संवाद,सुदामा प्रसंग,परिक्षित मोह, की कथा का बड़े रोचक ढंग से अपने मुखार विंदो से वर्णन किया।

वहीं कथा के दौरान कथा ब्यास पंडित रोहित ने श्रोताओं को भागवत में कहीं हुई बाते अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया साथ ही समाज में समानता,का भी संदेश श्रोताओं को दी ।कथा ब्यास ने बताया की श्री मद भागवत कथा का सातों दिन श्रवण करने से जीवन का उद्धार हो जाता है ।महा आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया ।मुख्य यजमान अरुण तिवारी साथ धर्मपत्नी के आवास जमुवा शिवदीन तिवारी गाँव में श्री मदभागवत कथा का रसपान भक्तो को कराया गया ।कथा श्रवण करने के लिए पहुँचे सोमनाथ तिवारी,कृष्ण नाथ तिवारी,दिलीप तिवारी,राकेश तिवारी,दिनेश तिवारी, शिवेश तिवारी,ऋषभ तिवारी,कौशल तिवारी,सूरज तिवारी,लकी तिवारी, शिवांश तिवारी,उमंग तिवारी,जमुवा के प्रधान रविंद्र वर्मा, राजाराम पाण्डेय,जयेंन्द्र नाथ तिवारी, देवेश तिवारी,राकेश कुमार तिवारी,राम लहू यादव,उमा नाथ यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व भक्त गण कथा में समलित होते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

# उत्तर प्रदेश में एग्री टूरिज्म को मिले बढ़ावा: राज्यपाल

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** अयोध्या एक जनपद ही नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की श्रद्धा का स्थल है। शहरों में रहने वाले ऐसे पर्यटक जो ग्रामीण जीवन के बारे में नहीं जानते वे गांव की परंपराओं संस्कृति और रीति रिवाज में भाग लेकर ग्रामीण जीवन के बारे में जान सकते हैं। महाराष्ट्र कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने वाला पहला राज्य है जहां सतारा, पुणे, नागपुर और नासिक में कई सफल एग्री टूरिज्म केंद्र विकसित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में कृषि का एक मजबूत आधार है और यहां एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देकर पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य प्रदान किया जा सकता है। विश्वविद्यालय शोध प्रशिक्षण, जागरूकता नीति निर्माण और तकनीकी सहायता प्रदान कर किसानों को सशक्त बना सकते हैं। कृषि विश्वविद्यालयों को एग्रो टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित कर सकते हैं जहां छात्र किसान और आम जनता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और वेबसाइटों के माध्यम से किसानों को उनके एग्रो टूरिज्म व्यवसाय के प्रचार प्रसार में मदद कर सकते हैं। भारत में जीडीपी को बढ़ाने में सबसे बड़ा योगदान माताओं और किसानों का है। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों को ईमानदारी से कार्य कर अपने संकल्पों को पूरा करना चाहिए। अयोध्या का आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पहली बार में ही नैक में अ++ हासिल किया जो सराहना के योग्य है। यह बातें प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह में कही। वह ह्लभारत में कृषि पर्यटन के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकासह्व विषय पर भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों के 48वें कुलपति सम्मेलन को संबोधित कर रहीं थीं। राज्यपाल ने कहा कि भारत के सभी कृषि विश्वविद्यालय भारत में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर कार्य करें। कहा कि आचार्य कृषि एवं प्रौद्योगिक परियोजना की मदद से कृषि पर्यटन केंद्र स्थापित कर रहा है। ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित पर्यटन में कौशल प्रदान करने और आय के अवसरों को बढ़ाने के लिए कृषि पर्यटन पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने की भी जमकर सराहना की।



# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सफल हुई टाउन वेंडिंग की बैठक

## चार मुख्य बिंदुओं में समाधान पर लिया गया निर्णय

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साप्ताहिक बाजारों को लेकर नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें साप्ताहिक बाजारों को व्यवस्थित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

नगर निगम अधिकारियों, पुलिस विभाग, एनसीआर सेल और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में नगर आयुक्त ने चार प्रमुख बिंदुओं पर कार्य योजना तैयार कर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए। गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजारों की अव्यवस्था को लेकर कई विभागों को लगातार दिक्कतें हो रही थीं। अब नगर निगम के नए निर्णय से उम्मीद की जा रही है कि शहर में बाजारों की स्थिति सुधरेगी और यातायात अव्यवस्था भी कम होगी। बैठक में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों के अलावा 2017 में गठित टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद, अन्य पुलिस विभाग, एनसीआर सेल, अग्निशमन विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करना जो कि कई विभागों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। उस समस्या का समाधान करने के लिए नगर आयुक्त ने प्लानिंग करते हुए चार बिंदुओं पर सरलता से कार्यवाही शुरू कर दी है। नगर आयुक्त ने बताया पुरानी टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक हुई जिसमें सभी संबंधित विभाग की अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर निगम में हुई साप्ताहिक बाजार की बैठक में कार्य योजना बनाई गई है। जिसके क्रम में कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है। पुलिस विभाग यातायात पुलिस जोनल प्रभारी संयुक्त टीम बनाकर वर्तमान में शासन के आदेश पर लग रहे बाजारों को व्यवस्थित करेंगे। जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भी कार्यवाही की जाएगी। आवागमन सरल रहे और बाजार लगाने वाले विक्रेताओं को भी परेशानी ना हो कार्यवाही के निर्णय लिए गए हैं। नगर आयुक्त के समक्ष टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों ने बाहरी विक्रेताओं पर निगम सीमा अंतर्गत बाजार लगाने को लेकर चर्चा की गई।




जिसका निर्णय नई टाउन वेंडिंग कमेटी द्वारा लिया जाएगा। उपस्थित जनों को अवगत कराया गया, बाजार के व्यापारियों द्वारा एक दिवस का बंद सप्ताह में लिया जाता है। जिसका निर्णय भी जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने के क्रम में लिया जाएगा। साप्ताहिक बाजार को पूर्ण रूप से व्यवस्थित तथा आवागमन को सरल बनाने के क्रम में जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग रहेगा। नगर आयुक्त द्वारा समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए नई टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन 15 दिन के भीतर करने के लिए उपस्थित जनों को निर्देश दिए। नई टाउन वेंडिंग कमेटी का गठनः वर्तमान कमेटी को भंग कर 15 दिनों के भीतर नई कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। साप्ताहिक बाजार जारी रहेंगेः जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक बाजार शासन के निदेर्शानुसार यथावत चलते रहेंगे। सड़क किनारे बाजार होंगे, सड़कों पर नहींः बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए येलो लाइन खींची जाएगी, जिसके अंदर ही विक्रेताओं को दुकानें लगाने की अनुमति होगी। पथ विक्रेताओं का पंजीकरण और आईडी काडः सभी जोनल प्रभारी अपने क्षेत्र के विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन करेंगे और उन्हें आईडी कार्ड दिए जाएंगे। साथ ही, बाजार लगाने के लिए निर्धारित सीमा में यूजर चार्ज भी वसूला जाएगा।

# एक अप्रैल 2025 से जिले की 132 बीयर दुकानें होंगी बंद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति लागू करते हुए एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे शराब व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ ही उपभोक्ताओं पर भी असर पड़ेगा। इस नीति के तहत अब बीयर और विदेशी शराब की बिक्री एक ही दुकान से होगी। इसके चलते जिले की 132 बीयर की दुकानों पर 1 अप्रैल 2025 से ताले लग जाएंगे। इस बड़े बदलाव को सुचारू रूप से लागू करने के लिए आबकारी अधिकारी अपनी टीम के साथ दिन-रात बैठकों और मंथन में जुटे हुए हैं। इस बदलाव से सरकारी खजाने में बढ़ोत्तरी होगी और शराब व्यवसाय को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। बीयर और विदेशी शराब की एकीकृत बिक्री, अब अलग-अलग दुकानों की बजाय बीयर और विदेशी शराब एक ही दुकान में बेची जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को भी एक ही स्थान पर दोनों तरह की शराब उपलब्ध होने से सहूलियत होगी। इस नई नीति के प्रभावी होने से पहले आबकारी विभाग के अधिकारी व्यवस्थापन को लेकर लगातार मंथन कर रहे हैं। नई दुकानें कहां और कितनी संख्या में संचालित होंगी, लाइसेंस प्रक्रिया क्या होगी, और इससे रोजगार पर क्या असर पड़ेगा-इन सभी पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श जारी है। इस नीति के कारण जिले के बीयर दुकानदारों में चिंता का माहौल है। जिन लोगों के पास केवल बीयर की दुकान का लाइसेंस था, उन्हें अब नई दुकानें लेने या किसी अन्य व्यवसाय की ओर रुख करने की मजबूरी होगी। इस नई व्यवस्था से जहां सरकारी खजाने में बढ़ोत्तरी होगी, वहीं शराब व्यवसाय पर वर्षों से कब्जा जमाए बैठे पुराने मठाधीशों का भी सफाया होने की उम्मीद जताई जा रही है। सरकार के इस फैसले से जहां आबकारी विभाग को आर्थिक लाभ मिलेगा, वहीं व्यापारियों और दुकानदारों के लिए यह नई चुनौती साबित हो सकती है।

### नई नीति से नए कारोबारियों को मिलेगा मौका

इस बदलाव के चलते नए लोगों के लिए कारोबार के दरवाजे खुलेंगे। सरकार का मानना है कि यह नीति शराब व्यवसाय में पारदर्शिता लाएगी और एकाधिकार खत्म करेगी। अब शराब बिक्री के लाइसेंस के लिए नए नियम बनाए गए हैं, जिससे नए व्यापारियों को इस क्षेत्र में प्रवेश का अवसर मिलेगा। इस बदलाव से जहां नए व्यापारियों को बाजार में प्रवेश का मौका मिलेगा। उपभोक्ताओं के लिए एक ही दुकान से बीयर और विदेशी शराब खरीदने की सुविधा होगी, जिससे उन्हें भी सहूलियत मिलेगी।

# 11वीं के छात्र से 12वीं के छात्र ने मांगी 1 लाख रुपये की रंगदारी




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खोड़ा थानाक्षेत्र में 11वीं के छात्र से 12वीं के छात्र ने एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। अपने साथी संग मिलकर उससे मारपीट की और पैसे न मिलने पर स्कूटी छीनकर उसे छोड़ दिया।

11 फरवरी की घटना में पीड़ित के पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खोड़ा क्षेत्र की इंदिरा विहार कॉलोनी में रहने वाले घनश्याम तिवारी डेयरी चलाते हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता भी हैं। 11वीं में पढे वाला उनका बेटा वैभव 11 फरवरी की शाम सात बजे दूध सप्लाई करने स्कूटी से निकला था। काफी देर तक वह नहीं लौटा तो उन्होंने फोन किया। वैभव ने फोन उठाया, लेकिन ठीक से बात नहीं हुई। इसके बाद नंबर स्विच ऑफ आने लगा। उन्हें चिंता हुई तो पुलिस को सूचना दी। देर रात करीब 11 बजे वैभव बिना स्कूटी के घर पहुंचा तो बताया कि खोड़ा निवासी दोस्त राज गिरी ने बहाने से ले जाकर अपने एक साथी संग मारपीट की। दोनों एक लाख रुपये मांग रहे थे। पैसे नहीं देने पर स्कूटी ले ली। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर खोड़ा निवासी राज गिरी और मयूर विहार में रहने वाले उसके दोस्त राजकुमार उर्फ बुल्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों बालिग हैं और राजकुमार ओपन से 12वीं की पढ़ाई कर रहा है। आरोपियों ने बताया कि एक लाख रुपये से वे पार्टी करना चाहते थे। राज गिरी वैभव व उसके परिवार के बारे में जानता था।

# अवैध निर्माण पर प्राधिकरण की सख्ती, लोनी में चला बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अवैध तरीके से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर तेजी से चल रहा है। जिसमें अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए खंडजे को खंडजे से निर्मित की जा रही सड़कों को उखाड़ दिया गया। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स अवैध निर्माण को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने सभी जोन प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर अवैध निर्माण पर कार्रवाई करें।

साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर किसी जोन में लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में संपत्ति की खरीद-फरोख्त न करें। अधिकारियों का कहना है कि बिना स्वीकृति के किए गए निर्माण पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध रूप से विकसित कॉलोनियों के खिलाफ भी कड़े कदम उठाए जाएंगे। गुरुवार को जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जोन 8 में उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 व 15 के प्राविधानों के अंतर्गत शैलेन्द्र पुत्र रामबाबू द्वारा गढी जस्सी लोनी स्थित पूर्व निर्मित अवैध कालोनी में खड़ंजे से निर्मित सड़क, भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल एवं खसरा संख्या-287, 267, 353 ग्राम अगरौला स्थित आलम व अभिलाषा द्वारा पूर्व निर्मित कालोनी में लगभग 40 भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल का ध्वस्तीकरण स्थानीय पुलिस एवं प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से किया गया। उक्त ध्वस्तीकरण कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता समस्त सुपरवाईजर, प्राधिकरण पुलिस दस्ता एवं क्षेत्रीय पुलिस बल उपस्थित रहे। इसके साथ यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी निर्माणकर्ता/विकासकर्ता के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित की जाती है, तो उनके विरुद्ध ध्वस्तीकरण के साथ-साथ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। आम जन मानस से अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कालोनी मे संपत्ति का क्रय/विक्रय न करें।

# तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए हिंदू संगठन ने दिया ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर सारा रोड स्थित तालाब पर विशेष समुदाय द्वारा मदरसे का निर्माण किया जा रहा था स्थानीय निवासियों के मुताबिक यह जमीन सिंचाई विभाग के अंतर्गत तालाब की जमीन है। लगभग 1 वर्ष पहले भी इस तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आदेश दिया गया था तालाब की लगभग साढ़े सात बीघा अतिक्रमित भूमि को प्रशाशन द्वारा पूर्व एसडीएम मोदीनगर के आदेशानुसार तहसीलदार मोदीनगर द्वारा मदरसे को गिरा कर तालाब को कब्जा मुक्त करने के आदेश भी दिए गए थे। प्रशासन द्वारा 1,93,200 रुपए की दंडात्मक वसूली के आदेश हुए थे पर एक वर्ष पश्चात अभी तक अवैध मदरसे की इमारत को ना तो ध्वस्त किया गया और ना ही दंडात्मक वसूली की गई। मदरसे को हटाने के लिए वहां के कुछ स्थानीय निवासियों ने सनातन हिंदू वाहिनी संगठन उत्तर प्रदेश के माध्यम से तालाब के सौंदर्यकरण और अतिक्रमित अवैध मदरसे की इमारत को ध्वस्त करवाने का कार्य करें।

# सड़क हादसों में घायल महिला समेत दो लोगों की उपचार के दौरान मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अलग-अलग सड़क हादसों में घायल महिला समेत दो लोगों ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य सड़क हादसों में बुजुर्ग समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपी चालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि बालकों को ट्रेस कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। सोहनलाल स्ट्रीट दिल्ली गेट निवासी पियूष गर्ग का कहना है कि उनकी पत्नी लता गर्ग बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईटीसी वितरक कंपनी के अकाउंट विभाग में काम करती थी। सात फरवरी को कंपनी से घर लौटते वक्त लोडा मंडी के गेट नंबर-एक के सामने सड़क पार करते समय अज्ञात बाइन ने उनकी पत्नी की टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों द्वारा उनकी पत्नी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में पियूष गर्ग ने 12 दिसंबर को कविनगर धाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। बागपत के रामगढ़ बिनौली निवौसी राजवीर सिंह का कहना है कि तीन जनवरी को उनके बेटे गोविंद सिंह और सागर सिंद्र किसी काम के चलते दिल्ली से गाजियाबाद आ रहे थे। विजयनगर टी-प्वाइंट पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। दोनों को घायल अवस्था में जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बड़े बेटे गोविंद सिंह की हालत नाजुक होने के चलते उसे दिल्ली जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दिन-दहाड़े बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कैशियर से पोने 11 लाख रुपये व स्कूटी लूटी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड पर श्रीराम पिस्टन कंपनी के पास बेखौफ बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कैशियर से पोने 11 लाख रुपये और स्कूटी लूट ली। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर वारदात को अंजाम दिया और सिहानी चुंगी की तरफ भाग गए। नकदी स्कूटी की डिग्गी में रखी थी। कैशियर रुपये बैंक में जमा कराने जा रहा था। सिहानी गेट कोतवाली क्षेत्र में मेरठ रोड पर डीपीएस कट है। कट के पास भारत पेट्रोलियम का शुभम आटोमोबाइल के नाम से पेट्रोल पंप है। पेट्रोल पंप प्रबंधक पारस बंसल के मुताबिक पंप कैशियर अर्जुन सिंह दोपहर करीब ढाई बजे 10.70 लाख रुपये लेकर मेरठ रोड स्थित आइडीबीआई बैंक में स्कूटी पर जमा कराने जा रहा था। अर्जुन के साथ स्कूटी पर पंप कर्मचारी संजय मीणा भी था। कर्मचारी श्रीराम पिस्टल कंपनी के पास पहुंचे तभी उसे ओवरटेक कर बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रोक लिया। पेट पर तमंचा लगाकर स्कूटी लूटकर फरार हो गए।

# शशि चौधरी बने विजयनगर थाना प्रभारी

**गाजियाबाद।** आईजीआरएस रेंकिंग में जिले के 24 थाने टॉप पर रहे, मगर विजयनगर ने रिकॉर्ड खराब कर दिया। इसके साथ ही और भी कई मामलों में कोताही का नतीजा रहा कि विजयनगर के कोतवाल को हटाकर अतिरिक्त कोतवाल बना दिया गया।

ट्रांस हिंडन जोन के इंदिरापुरम थाने में साइबर सेल में तैनात शशि चौधरी को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विजयनगर का कोतवाल बनाया गया है। जबकि यहां तैनात रहे बिजेश कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक के रूप में कविनगर थाने में स्थानांतरित किया गया है। आईजीआरएस रैंकिंग में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट का टॉप पर रहना दिखाता है कि जिले के ज्यादातर थानों ने अपने कामकाज में बेहतरीन प्रदर्शन किया। लेकिन विजयनगर थाना इस मामले में पिछड़ गया, जिससे वहां के प्रभारी निरीक्षक को हटाकर नया कोतवाल नियुक्त करना पड़ा। शशि चौधरी की नई भूमिका खासकर इसलिए अहम होगी क्योंकि उनके सामने न केवल प्रशासनिक जिम्मेदारियां होंगी।

# जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन कर चमके शहर के मेधावी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरु वर्ल्ड स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में सक्षम गर्ग 99.99 प्रतिशत, अराध्य अग्रवाल ने 99.85, क्रियांश गर्ग ने 99.82 और मानव यादव ने 99.52, ओजस सचदेवा ने 99.23, दिव्यांश श्रीवास्तव ने 99.03, वेदास्त मिश्रा ने 98.78, वात्सल्य श्रीवास्तव ने 98.72, पार्थ गोयल ने 98.53, प्रथित द्विवेदी ने 98.40, गर्व गुप्ता ने 98.33, मधुश्रेया ने 97.99, नौवेश कौशिक ने 96.03, मोहित भारद्वाज ने 95.07, निकुंज भारद्वाज ने 95.06, आरव मलिक ने 95, प्रगति सिंघल ने 94.56, विवान श्रीवास्तव ने 94.02 औजस्व पटेरिया ने 93.48, समिक स्वरुप बिस्वल ने 91.79, ध्रुव मित्तल ने 91.75, सुवान गुप्ता ने 91.68, सिद्धी बंसल ने 91.06 प्रतिशत अर्जित कर अपने अभूतपूर्व परिश्रम और प्रतिभा का परिचय दिया।




HET
PM- Surya Ghar :
Muft Bijli Yojna
कर लो अपने
बिजली के बिल से
दोस्ती
प्रति माह
1700/-*
कम करें
SOLAR ON-GRID ROOFTOP SOLUTIONS
* Terms & Condition Apply. 2KW.
Electricity
Bill
Also Available
Solar Power Plant | Solar Inverter
Solar AC | Solar Geyser
Solar Pump | Solar Lights
Harshita Electro & Telecom Pvt. Ltd.
SOLAR ON-GRID ROOFTOP SOLUTIONS | OFF GRID SOLAR SYSTEM
HYBRID SOLAR SYSTEM
Office : GF-135, Durga Tower, RDC, Raj Nagar, Ghaziabad.
Phone : 9891116568, 9899562233, 9891116569